Discover your divinity with us
A/C Showroom
ज्ञान गंगा ॐ मूर्ति माला केन्द्र
उजाला भवन स्टेशन रोड, दुर्ग
0788-4030383, 3293199
भगवान के वस्त्र, श्रृंगार मूर्तियां एवं समस्त पूजन सामग्री संगमरमर व पीतल की मूर्तियां राशि रत्न एवं उपरत्न उपलब्ध

राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

# समय दर्शन

ESTD : Since 2011

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक खबरों के साथ

श्री
दुर्ग शहर में सुप्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य
माँ दुर्गा उपासक मां बगुलामुखी, माँ कामख्या, माँ भद्रकाली, माँ शतचंडी की असीम कृपा साधना द्वारा समस्त समस्याओं का मार्ग दर्शन हेतु
पं. एम.पी. शर्मा/
मो. 8109922001
फीस 251/- मात्र
पताः- श्री दुर्गा ज्योतिष कार्यालय सिकोला भाठा, सब्जी मार्केट के सामने, धमधा नाका, दुर्ग

वर्ष 07, अंक 238 पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रूपये रायपुर, बुधवार 12 नवंबर 2025 www.samaydarshan.in

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली-एनसीआर में हवा 'गंभीर' श्रेणी में पहुंची, ग्रेप स्टेज-3 लागू

**नोएडा।** दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण का स्तर एक बार फिर खतरनाक स्थिति में पहुंच गया है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने आपात बैठक बुलाकर स्थिति की समीक्षा की और बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए तत्काल प्रभाव से ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) के स्टेज-ढ्ढढ्ढढ्ढ को लागू करने का निर्णय लिया।

स्टेज-ढ्ढढ्ढढ्ढ तभी लागू किया जाता है जब वायु गुणवत्ता सीवियर श्रेणी में दर्ज होती है और हाल के 24 घंटों में दिल्ली का एक्यूआई इसी स्तर तक पहुंच गया है। आयोग के अनुसार, 10 नवंबर को दिल्ली का औसत एक्यूआई 362 रहा था, जो 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है, लेकिन 11 नवंबर की सुबह 9 बजे तक एक्यूआई 425 तक पहुंच गया, जो सीधे 'गंभीर' श्रेणी में आता है। इसके पीछे कम हवा, स्थिर वातावरण और प्रतिकूल मौसम स्थितियों को मुख्य कारण बताया गया है। मौसम विभाग (आईएमडी) और आईआईटीएम के पूर्वानुमानों में भी हवा की रफ्तार धीमी रहने की संभावना जताई गई है, जिससे प्रदूषकों का निचले वातावरण में जमाव बढ़ रहा है। इसके बाद, ग्रेप की सब-कमेटी ने निर्णय लिया कि स्टेज-ढ्ढ और स्टेज-ढ्ढढ्ढ के साथ-साथ अब स्टेज-ढ्ढढ्ढढ्ढ की सभी पाबंदियां तुरंत लागू होंगी।

इसका अर्थ है कि निर्माण और विध्वंस गतिविधियों पर सख्त रोक, मिट्टी उड़ाने वाली साइटों पर तुरंत काम बंद, ईंट भट्ठों, स्टोन क्रशर्स और हॉट मिक्स प्लांट्स की तात्कालिक बंदी, और प्रदूषण फैलाने वाले औद्योगिक कार्यों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सड़क किनारे धूल नियंत्रण अभियान को तेज किया जाएगा। ट्रकों और भारी वाहनों की एंट्री पर भी प्रतिबंध लागू होगा, सिवाय आवश्यक सेवाओं के। सीएक्यूएम ने सभी संबंधित एजेंसियों को कड़ी निगरानी रखने, बढ़ी हुई गश्ती व्यवस्था और उल्लंघन पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

### राजस्थान की सीमा पर पाक वायुसेना की पेट्रोलिंग, जयपुर एयरपोर्ट पर अलर्ट, राजस्थान में कड़ी चौकसी

**जयपुर।** दिल्ली में लाल किले के पास हुए धमाके की गूंज अब राजस्थान तक पहुंच गई है। सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हैं, वहीं सरहद के उस पार पाकिस्तान ने भी अपनी गतिविधियां तेज़ कर दी हैं। सूत्रों के मुताबिक़, पाकिस्तानी वायुसेना ने सोमवार शाम से राजस्थान बॉर्डर के करीब 1,000 किलोमीटर क्षेत्र में पेट्रोलिंग शुरू कर दी है। राजस्थान पुलिस, एटीएस और इंटेलिजेंस एजेंसियों ने सभी जिलों में सुरक्षा घेरा मजबूत कर दिया है। राजधानी जयपुर में भी सुरक्षा इंतज़ाम बढ़ा दिए गए हैं। जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर अतिरिक्त सिक्योरिटी लेयर तैनात की गई है। यात्रियों को एयरलाइन द्वारा तय समय से पहले एयरपोर्ट पहुंचने की सलाह दी गई है ताकि जांच प्रक्रिया में देरी न हो।एयरपोर्ट पुलिस, सीआईएसएफ और इंटेलिजेंस यूनिट मिलकर हर आगंतुक और वाहन की बारीकी से जांच कर रही हैं। अजमेर में ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह पर सुरक्षा घेरा मजबूत किया गया है। जवान दरगाह के बाहर तैनात हैं और जायरीन को कड़ी चेकिंग के बाद ही प्रवेश दिया जा रहा है। एटीएस के आईजी विकास कुमार ने बताया कि राजस्थान में हाई अलर्ट जारी है और एजेंसियां अपने-अपने सेक्टर में सक्रिय हैं। धार्मिक स्थलों, पर्यटन स्थलों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और एयरपोर्ट पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने की उच्च स्तरीय बैठक

# दिल्ली धमाके के दोषियों को नहीं बख्शेंगे- अमित शाह

### बैठक में आईबी और एनआईए के अधिकारी भी मौजूद रहे

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज लाल किले के पास हुए विस्फोट के बाद राष्ट्रीय राजधानी और देश के अन्य हिस्सों में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। शाह ने दो अलग-अलग बैठकें कर अधिकारियों को अहम दिशानिर्देश दिए। समाचार एजेंसी पीटीआई ने सूत्रों के हवाले से बताया कि शाह ने मंगलवार सुबह एक बैठक की अध्यक्षता की। दोपहर में भी एक बैठक बुलाई गई।



बैठक के दौरान शीर्ष अधिकारियों

सूत्रों ने बताया कि पहली बैठक में केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, खुफिया ब्यूरो के निदेशक तपन डेका, दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा और राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के महानिदेशक सदानंद वसंत दाते भी शामिल हुए। जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नलिन प्रभात वर्चुअल माध्यम से इस बैठक में शामिल हुए।

### राष्ट्रीय जांच एजेंसी कर रही जांच

ने गृह मंत्री के सामने विस्फोट के बाद उपजे हालात पर विस्तृत प्रस्तुतियां दीं। सूत्रों ने बताया कि दोपहर की सुरक्षा समीक्षा बैठक में भी लगभग वही अधिकारी शामिल हुए। गृह मंत्रालय ने विस्फोट की गंभीरता और हालात की संवेदनशीलता को देखते हुए पूरी जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंप दी है। पीटीआई की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया कि ह्ढ्ढ को जांच सौंपा जाना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि सरकार ने इस वारदात को आतंकवादी कृत्य माना है। एनआईए को केवल आतंकवादी मामलों की जांच करने का अधिकार है।

### बम ब्लास्ट मामले की जांच एनआईए को सौंपी

दिल्ली के लाल किले के पास हुए ब्लास्ट की जिम्मेदारी अब एनआईए को सौंपी जाएगी, ताकि पूरी वस्तुस्थिति स्पष्ट हो सके। दिल्ली के लाल किले के पास हुए कार ब्लास्ट में कम से कम 10 लोगों की मौत की पुष्टि की गई है। इसके अलावा कई अन्य घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। इससे पहले, इस हमले की जांच के लिए दिल्ली पुलिस सहित अन्य जांच एजेंसियों की तरफ से एक टीम गठित की गई थी। इस टीम में 500 से ज्यादा जवान और अन्य अधिकारी शामिल किए गए थे। इसके अलावा, 1 हजार से भी ज्यादा सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं, ताकि हमले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा सके।

वहीं, दिल्ली में हुए हमले के बाद अन्य राज्यों की पुलिस भी सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर अलर्ट हो चुकी है। दिल्ली से सटे राज्यों से आने वाले वाहनों की सघन जांच की जा रही है, ताकि हर प्रकार की अप्रिय स्थिति से बचा सके। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, लाल किले के पास ब्लास्ट में प्रयुक्त कार फरीदाबाद के सेक्टर 37 स्थित सेकेंड हैंड डीलर से खरीदी गई थी। आई -20 कार सलमान के पास थी, जिसे सोमवार को तत्काल गिरफ्तार किया गया।

### षड्यंत्रकारियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा- पीएम मोदी

दिल्ली कार विस्फोट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, ...इसके पीछे के षड्यंत्रकारियों को बख्शा नहीं जाएगा। सभी ज़िम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। आज, मैं बहुत भारी मन से यहाँ आया हूँ। कल शाम दिल्ली में हुई भयावह घटना ने सभी को बहुत दुखी किया है। मैं प्रभावित परिवारों का दुःख समझता हूँ। पूरा देश आज उनके साथ खड़ा है। मैं कल रात भर इस घटना की जाँच कर रही सभी एजेंसियों के संपर्क में था।

## दिल्ली धमाके की गूंज कश्मीर तक, मुख्य संदिग्ध डॉ. उमर के परिवार समेत 6 लोग रातों-रात हिरासत में

**श्रीनगर ( एजेंसी )।** राजधानी दिल्ली में लालकिले के पास हुए फिदायीन हमले के तुरंत बाद सुरक्षा एजेंसियों ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रातों-रात दक्षिण कश्मीर में 6 संदिग्धों को हिरासत में ले लिया है। इस हमले का मुख्य संदिग्ध एक डॉक्टर उमर है, जिसके परिवार के तीन लोगों को भी पुलवामा से हिरासत में लिया गया है।

पुलिस का कहना है कि हमले में इस्तेमाल की गई हुंडई आई20 कार को डॉ. उमर ने ही खरीदा था। इसके अलावा, सीसीटीवी फुटेज में कार में बैठे जो शख्स दिखाई दे रहा है, उसकी शक्ल भी उमर से मिलती-जुलती पाई गई है।

जांच में यह बात सामने आई है कि डॉ. उमर दो अन्य डॉक्टरों के संपर्क में था, जिन्हें पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस के मुताबिक, यह हमला फरीदाबाद से हाल ही में पकड़े गए ऋङ्कद्भ मॉड्यूल से जुड़ा हो सकता है।

दो दिन पहले ही फरीदाबाद से डॉ. मुजाम्मिल को 350 किलोग्राम आरडीएक्स और दो एके-47 राइफलों के साथ गिरफ्तार किया गया था। जबसे डॉ. मुजाम्मिल के पास से आरडीएक्स मामले की जांच शुरू हुई, तभी से डॉ. उमर गायब हो गया था। पुलिस का मानना है कि कार में सवार शख्स फरीदाबाद मॉड्यूल से ही जुड़ा था, हालांकि डीएनए टेस्ट के बाद ही इसकी पूरी पुष्टि हो सकेगी।

जांच में यह भी पता चला है कि डॉ. उमर, डॉ. मुजाम्मिल के गांव भी गया था।

पुलिस ने कश्मीर में जिन 6 लोगों को गिरफ्तार किया है, उनमें मुख्य संदिग्ध के परिवार के तीन लोगों के अलावा आमिर राशिद मीर (प्लंबर), उमर राशिद मीर (पावर डिवेलपमेंट डिपार्टमेंट कर्मी) और तारिक मलिक (बैंक सिक्योरिटी गार्ड) शामिल हैं। एक स्पेशल पुलिस टीम इन सभी से पूछताछ कर रही है।

### जैश के पोस्टर से शुरू हुई थी जांच

पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस पूरे मॉड्यूल की जांच 19 अक्टूबर को नौगाम में जैश का पोस्टर मिलने के बाद से ही शुरू हो गई थी। इस मामले में पहले भी कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई थी, लेकिन इतनी बड़ी साजिश का अंदेशा नहीं था।

सोमवार को भी डॉ. मुजाम्मिल से जुड़े सात लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

## फरीदाबाद में लगातार दूसरे दिन बड़ी कार्रवाई, 50 किलो से अधिक विस्फोटक बरामद, दो गिरफ्तार

**चंडीगढ़ ( एजेंसी )।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से सटे हरियाणा के फरीदाबाद में एक बार फिर विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है। इस मामले में क्राइम ब्रांच ने दो संदिग्धों को भी हिरासत में लिया है।

फरीदाबाद में कार्रवाई के दौरान क्राइम ब्रांच ने सेक्टर-56 से दोनों संदिग्धों को गिरफ्तार किया। इन संदिग्धों के पास से 50 से 60 किलो विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है। फिलहाल, यह कार्रवाई जारी है। जांच एजेंसियों ने सोमवार को आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश करते हुए फरीदाबाद से लगभग 2900 किलोग्राम विस्फोटक सामग्री बरामद की। एजेंसियों ने हथियार और गोला-बारूद भी जब्त किए। इस मॉड्यूल से जुड़े सात संदिग्ध आतंकियों को भी गिरफ्तार किया जा चुका है, जिनमें दो डॉक्टर भी हैं।

बाद में संदिग्ध आतंकवादियों का जम्मू-कश्मीर कनेक्शन सामने आया। ये सभी जम्मू-कश्मीर के अलग-अलग हिस्सों के रहने वाले हैं। आरिफ निसार डार उर्फ साहिल, यासिर-उल-अशरफ और मकसूद अहमद डार उर्फ शाहिद श्रीनगर के नौगाम के रहने वाले हैं। अन्य संदिग्धों की पहचान गंदेरबल के वाकुरा निवासी जमीर अहमद अहंगर उर्फ मुतलाशा, पुलवामा के कोइल निवासी डॉ. मुजम्मिल अहमद गनाई उर्फ मुसैब और कुलगाम के वानपोरा के निवासी डॉ. अदील के रूप में हुई।

जांच के दौरान संदिग्ध आतंकियों के तार फरीदाबाद के धौज में स्थित अल फलाह यूनिवर्सिटी से भी जुड़ रहे हैं। डॉ. मुजम्मिल अहमद गनाई उर्फ मुसैब इस यूनिवर्सिटी में पढ़ाया करता था। वहीं, फरीदाबाद पुलिस ने बताया कि अल फलाह यूनिवर्सिटी में मुजम्मिल के साथ काम करने वाले फैकल्टी मेंबर, यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले छात्रों और मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल से पूछताछ की गई है। पुलिस ने 50 से अधिक लोगों से पूछताछ की है।

इसके अलावा, हरियाणा के डीजीपी ओपी सिंह ने मंगलवार को बताया कि अल फलाह यूनिवर्सिटी के पूरे कैंपस में सर्च जारी है। संदिग्ध लोगों से पूछताछ हो रही है। उन्होंने यह भी कहा कि ये जांच अभी जारी रहेगी। डीजीपी ओपी सिंह ने जानकारी दी कि यूनिवर्सिटी में आतंकी नेटवर्क को खंगाला जा रहा है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और केंद्रीय एजेंसियों को हम लगातार सहयोग कर रहे हैं और जो भी जानकारी दिल्ली पुलिस की ओर से दी जाती है, उसके बाद छापेमारी में हरियाणा पुलिस साथ दे रही है।

उन्होंने बताया कि जांच का दायरा सिर्फ फरीदाबाद तक सीमित नहीं है। फरीदाबाद के अलावा, अन्य जगहों पर भी हरियाणा पुलिस इंटेलिजेंस इनपुट के आधार पर सर्च ऑपरेशन चला रही है। डीजीपी ने बताया कि फिलहाल पूरे राज्य को हाई अलर्ट पर रखा गया है और जांच के दायरे को बढ़ाया गया है।

## इस्लामाबाद में आत्मघाती हमला, भीषण धमाके में 12 की जान गई

**इस्लामाबाद ( समय दर्शन )।** भारत में आतंकवाद को बढ़ावा देने की कोशिश में जुटा पाकिस्तान मंगलवार को खुद आतंकी घटना का शिकार हो गया। देश की राजधानी इस्लामाबाद में एक आत्मघाती हमले में 12 लोगों की मौत हो गई। बताया गया है कि बम धमाका इतना तेज था कि जी-11 क्षेत्र के आसपास इमारतों को भारी नुकसान पहुंचा। बताया गया है कि धमाके वाली जगह यहां मौजूद एक कोर्ट के बिल्कुल करीब है।



इस घटना पर पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने शोक जताया है। उन्होंने घटना में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। दूसरी तरफपाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि यह घटना सबक (वेक अप कॉल) है। उन्होंने इस धमाके की जिम्मेदारी इशारों-इशारों में अफगानिस्तान पर डालते हुए कहा कि इस माहौल में काबुल के शासकों के साथ सफलतापूर्वक समझौतों की उम्मीद बेकार है।

इस घटना के जो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं। उनमें जी-11 क्षेत्र से धुएं का गुबार उठते देखा जा सकता है। इसके अलावा सुरक्षा बैरियर के पास आग भी देखी गई।

### दिल्ली विस्फोट केस के संदिग्ध का परिवार सामने आया, भाभी ने किए बड़े खुलासे

**पुलवामा।** दिल्ली में लाल किले के नजदीक हुए कार विस्फोट के संदिग्ध उमर उन नबी का परिवार सामने आया है। उमर की भाभी मुजम्मिला ने बताया कि पढ़ाई और परीक्षा की बात कहकर वह फोन पर कम बातें करता था, लेकिन उसने दो-तीन दिन में घर लौटने के लिए कहा था।

संदिग्ध उमर उन नबी जम्मू-कश्मीर के पुलवामा का रहने वाला है। वह फरीदाबाद की अल फलाह यूनिवर्सिटी में फैकल्टी था। संदिग्ध उमर को हिरासत में लिया जा चुका है। वहीं, पुलवामा में उसके परिवार के कुछ सदस्यों को भी कस्टडी में लिया गया है।

## निठारी हत्याकांड मामले में सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला, सुरेंद्र कोली को रिहा करने का आदेश

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** निठारी हत्याकांड के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए सुरेंद्र कोली को रिहा करने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि कोली पर लगाए गए सभी आरोपों से उसे बरी किया जाता है और उसकी सभी सजाएं रद्द की जाती हैं। जस्टिस विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली बेंच ने 2011 के पुनर्विचार फैसले को वापस लेते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट की अपील स्वीकार की जाती है और इलाहाबाद हाईकोर्ट का आदेश रद्द किया जाता है। कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सुरेंद्र कोली को तत्काल रिहा किया जाए। यह फैसला निठारी हत्याकांड के बाद आया, जिसने साल 2006 में पूरे देश को दहला दिया था, जब नोएडा के निठारी में मोनिंदर सिंह पंढेर की कोठी के पीछे नाले से 19 बच्चों और महिलाओं के कंकाल बरामद हुए थे। इस वारदात ने पुलिस और समाज दोनों को झकझोर कर रख दिया था।



मामले में पंढेर और उसके नौकर सुरेंद्र कोली को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने आरोप लगाया था कि कोली बच्चों और महिलाओं को बहला-फुसलाकर लाता था, उनके साथ दुष्कर्म करता और फिर हत्या कर शवों को नाले में फेंक देता था। मामला सामने आने के बाद पूरे देश में आक्रोश फैल गया था। जांच सीबीआई को सौंपी गई, जिसने कई मामलों में चार्जशीट दाखिल की।

कोली पर 13 मामलों में आरोप लगाए गए, जबकि पंढेर का कुछ मामलों में सहआरोपी के रूप में नाम आया। समय के साथ अदालतों ने सुनवाई की और कोली को 12 मामलों में बरी कर दिया गया, लेकिन एक मामले में 2011 में सुप्रीम कोर्ट ने उसकी उम्रकैद की सजा बरकरार रखी थी।

इन्वेस्टर कनेक्ट : अहमदाबाद में छत्तीसगढ़ को मिला बड़ा निवेश प्रस्ताव

# छत्तीसगढ़ और गुजरात मिलकर विकसित भारत के निर्माण में निभाएंगे अहम भूमिका - मुख्यमंत्री साय

### 33,321 करोड़ से अधिक के निवेश, 14,900 से अधिक रोजगार का खुला मार्ग

### छत्तीसगढ़ को अब तक मिले कुल 7.83 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव




**रायपुर ( समय दर्शन )।** अहमदाबाद में आयोजित इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ को लगभग ?33,321 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने थर्मल पावर प्लांट, ग्रीन स्टील मैन्युफैक्चरिंग, सोलर सेल, फार्मास्युटिकल उत्पाद और मेडिकल फूड सप्लीमेंट जैसे क्षेत्रों की प्रमुख कंपनियों को निवेश प्रस्ताव पत्र प्रदान किए।छत्तीसगढ़ को मिले इन निवेश प्रस्तावों से राज्य में 14,900 नए रोजगार अवसर सृजित होंगे। उल्लेखनीय है कि नई औद्योगिक नीति लागू होने के बाद से अब तक छत्तीसगढ़ को कुल ?7.83 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने अहमदाबाद में आयोजित इन्वेस्टर कनेक्ट मीट में देश के शीर्ष उद्योगपतियों और व्यवसायिक नेतृत्व से राज्य में निवेश की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की। उद्योगपतियों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योग, निवेश और नवाचार की भूमि गुजरात में आकर वे अत्यंत उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि गुजरात के कण-कण में उद्यमिता बसी है और दुनिया का कोई ऐसा कोना नहीं, जहां गुजराती भाइयों की उपस्थिति न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुजरात और छत्तीसगढ़ मिलकर विकसित भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभाएंगे।

श्री साय ने कहा कि गुजरात जिस प्रकार देश और विश्व की अर्थव्यवस्था को गति दे रहा है, उसी दिशा में छत्तीसगढ़ भी तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि गुजरात के पास उद्यम है, तो छत्तीसगढ़ के पास ऊर्जा, खनिज, कुशल जनशक्ति और आकर्षक औद्योगिक नीति है—जो निवेशकों के लिए किसी वरदान से कम नहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने पिछले 22 महीनों में 350 से अधिक सुधार किए हैं, जिनसे उद्योग स्थापित करना और अधिक सुगम हुआ है। राज्य में सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से आवश्यक अनुमतियाँ अब त्वरित रूप से जारी की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि नई औद्योगिक नीति के तहत उद्योगों को विशेष अनुदान एवं प्रोत्साहन दिए गए हैं। बस्तर और सरगुजा जैसे जनजातीय अंचलों में उद्योग लगाने पर अतिरिक्त सहायता प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि अब तक राज्य में ?7.5 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ देश में कोयला उत्पादन में दूसरे स्थान पर है और हाल ही में आयोजित एनर्जी समिट में ?3.5 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। राज्य में थर्मल, हाइडल, सोलर और वन-आधारित उद्योगों की विशाल संभावनाएँ मौजूद हैं।

उन्होंने आगे बताया कि नवा रायपुर को आईटी और एआई डेटा सेंटर हब के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहाँ सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र की कंपनियाँ निवेश में विशेष रुचि दिखा रही हैं।

## ये गैर जिम्मेदाराना और माफी के लायक नहीं', धर्मेंद्र के निधन की खबरों पर हेमा मालिनी ने जताया गुस्सा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** हिंदी सिनेमा के वरिष्ठ अभिनेता धर्मेंद्र देओल खराब तबीयत के चलते मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती हैं, जहां डॉक्टर्स की निगरानी में उनका इलाज किया जा रहा है।

सोशल मीडिया पर लगातार एक्टर के निधन की खबरें सामने आ रही हैं, लेकिन ईशा देओल ने इसका खंडन किया है। उन्होंने कहा कि धर्मेंद्र की तबीयत स्थिर है, अब हेमा मालिनी ने निधन की खबरों पर दुख जताया है और कहा है कि ऐसी खबरें अपमानजनक और गैर जिम्मेदाराना हैं।

हेमा मालिनी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर धर्मेंद्र के निधन की खबरों पर गुस्सा जाहिर किया है। उन्होंने ट्वीट कर लिखा, जो हो रहा है वो माफी के लायक नहीं है! जिम्मेदार चैनल ऐसे व्यक्ति के बारे में झूठी खबर कैसे फैला सकते हैं जिसका इलाज चल रहा है और वह ठीक हो रहा है? यह बेहद अपमानजनक और गैरज़िम्मेदाराना है। कृपया परिवार और उनकी निजता की जरूरत का पूरा सम्मान करें।

यूजर्स भी हेमा के पोस्ट पर गैर जिम्मेदाराना हरकत करने वालों को कोर्ट में घसीटने की नसीहत दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, कल्पना कीजिए, उनका पूरा परिवार अस्पताल में वहां उन्हें सपोर्ट कर रहा है और बाहर उनकी निधन की खबरों पर स्पष्टीकरण देना पड़ रहा है। कितनी शर्मनाक बात है ये।

इससे पहले ईशा देओल ने अपने पिता की हेल्थ अपडेट को फैंस के साथ शेयर किया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा, मीडिया इस मामले पर ज्यादा ही सक्रिय चल रही है।

# जनदर्शन में विभिन्न शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित 28 आवेदन प्राप्त हुए

### कलेटर शर्मा ने सुनी जनदर्शन में लोगों की समस्याएं



**बेमेतरा ( समय दर्शन )।** कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा की उपस्थिति मे आज मंगलवार को कलेक्टरेट के दृष्टि सभा कक्ष मे जनदर्शन आयोजित की गई। जिसमे जिले के अलग-अलग क्षेत्र के लोग अपनी-अपनी मांग, समस्याएं एवं शिकायतें लेकर आये। इस दौरान जनदर्शन मे आने वाले सभी लोगों की समस्याओं का निराकरण भी किया गया। आज के जनदर्शन में कलेक्टर ने लोगों की समस्याओं को गौर से सुना और संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर और समक्ष बुलाकर संबंधित आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कुछ आवेदन मौके पर ही निराकरण किए गए। आज जनदर्शन में विभिन्न शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित 28 आवेदन प्राप्त हुए। तात्कालिक महत्व की समस्याओं का जहां त्वरित निराकरण किया। वहीं गंभीर और जांच के आवेदनों को टीएल पंजी पर दर्ज करके, इनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अफसरों को दी।

इस दौरान जनदर्शन में दूरदराज के गांवों से अपनी समस्याओं के समाधान हेतु पहुंचे लोगों में से तहसील थानखम्हरिया के ग्राम अकोला निवासी धनेश्वरी साहू ने राशन कार्ड चालू कराने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील बेमेतरा के ग्राम सेमरिया निवासी धनसिंग साहू ने वृद्धा पेंशन दिलाने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील बेमेतरा के ग्राम मोहभट्ठा निवासी तुलसीराम वर्मा ने नेशनल हाईवे-30 सड़क में मुआवजा राशि दिलाये जाने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील नांदघाट के ग्राम जुनवानीकला निवासी राजेश बाजपेयी ने रिकार्ड दुरूस्ती करने व त्रृटि सुधार के संबंध में आवेदन दिया, इसी प्रकार तहसील बेरला के ग्राम सिरसा निवसी सुरेश कुमार ने घरेलू बिजली बिल अधिक आने की शिकायत के संबंध में आवेदन दिया।

इसके अलावा आम नागरिकों ने निराश्रित पेंशन दिलाने, बैटरी चलित ट्रायसायकल हेतु, प्रधानमंत्री आवास दिलाने, कटा हुआ रकबा जोड़ने, खाद गड्ढा को हटाये जाने, आम रास्ता खुलवाने, वृद्धापेंशन हेतु, दिव्यांगता पेंशन दिलाये जाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए है। कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके निराकरण के लिए ग्रामीणों को आश्वासन दिलाया। इस अवसर पर विभिन्न विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त-खबर

### मोबाइल वेटनरी यूनिट से गांव -गांव में पशुओं का उपचार



**भाटापारा ( समय दर्शन )।** ग्रामीण क्षेत्रों में पशुओं के उपचार, टीकाकरण, बधियाकरण, छोटे शल्य क्रिया, कृत्रिम गर्भाधान, सैम्पल कलेक्शन,जांच,रोग की रोकथाम व बचाव हेतु पशु चिकित्सा सेवाएं द्वारा जिले के सभी 5 विकासखंडो में मोबाइल वेटनरी युनिट संचालित किया जा रहा है।

उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ नरेन्द सिंह ने बताया कि मोबाइल मेडिकल वेटनरी यूनिट के द्वारा पशुओं के उपचार के साथ ही पशुओं में होने वाले बीमारियों के बारे में पशु पालको को जागरूक भी किया जा रहा है। उनके द्वारा प्रति दिवस 3 ग्राम का भ्रमण किया जाता है। मोबाइल वेटनरी युनिट की कार्य अवधि सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक है। इस समय टोल फ्री नं 1962 में कॉल करके या संबंधित विकासखण्ड मोबाइल वेटनरी युनिट के बलौदाबाजार डॉ. नेहा यादव 6266358615, भाटापारा डॉ. विनय कुमार 8770683139, कसडोल डॉ. दीपक दीवान 6260445462, पलारी डॉ. गोपाल पटेल 7222948928, सिमगा डॉ चंद्रप्रकाश खरे 9340909443 से संपर्क कर मोबाइल वेटनरी युनिट का लाभ ले सकते है।

### पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पहुंचे पाटन, भागवत कथा श्रवण किया, व्यासपीठ से लिया आशीर्वाद



**पाटन ( समय दर्शन )।** नगर पंचायत पाटन के अखरा वार्ड स्थित दशहरा मैदान पर आयोजित भागवत कथा का श्रवण करने पाटन के विधायक और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पहुंचे। उन्होंने व्यासपीठ से पंडित युवराज पांडे का आशीर्वाद लिया। श्री बघेल का सम्मान किया गया। कथा के आयोजक भूपेंद्र कश्यप ने सभी आगंतुक अतिथियों का सम्मान किया। इस अवसर पर आशीष वर्मा, जवाहर वर्मा, अश्नवी सह, मोनू साहू, अजय सिंगोंर, दिनेश साहू, भेद प्रकाश वर्मा, नीरज सोनी, सरजू साहू, गोपाल देवांगन सहित अन्य मौजूद है।

### सहायिका पद हेतु दावा आपत्ति आमंत्रित 20 नवंबर तक

**दुर्ग ( समय दर्शन )।** एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय दुर्ग (शहरी) द्वारा आं.बा. केन्द्र-शिवपारा केन्द्र कं. 03 वार्ड क्रमांक 34 में 01 सहायिका पद के नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। मूल्यांकन समिति द्वारा बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार 20 नवंबर 2025 तक दावा आपत्ति आमंत्रित किए गए है। तथा दावा आपत्ति हेतु प्राप्त आवेदनों की अनन्तिम सूची परियोजना कार्यालय एवं नगर पालिक निगम दुर्ग के सूचना पटल पर अवलोकन हेतु चस्पा की गई है। उक्त दर्शित अवधि में कार्यालय परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना दुर्ग शहरी, जिला-दुर्ग (छ.ग.) में कार्यालयीन समय पर प्रस्तुत दावा-आपत्ति ही मान्य की जायेगी।

### आंगनबाड़ी सहायिका पद हेतु आवेदन आमंत्रित 24 नवंबर तक

**दुर्ग ( समय दर्शन )।** एकीकृत बाल विकास परियोजना भिलाई 02 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद् के देवनगर जामुल वार्ड क्र. 17 में नवीन स्वीकृत आंगनबाड़ी केन्द्र हेतु आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद पर भर्ती किया जाना है। उक्त पद पर 24 नवंबर 2025 तक एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय भिलाई 02, जिला दुर्ग, नगर पालिक निगम भिलाई चरोदा रोड भिलाई 03 में सीधे अथवा पंजीकृत डॉक द्वारा कार्यालयीन समय 10 से 5.30 बजे तक (शासकीय अवकाश को छोड़कर) आवेदन जमा किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना से मिली जानकारी अनुसार आवेदन किये जाने हेतु शासन द्वारा निर्धारित आवश्यक गाईडलाईन के तहत आवेदिका की आयु 18 से 44 वर्ष के मध्य होनी चाहिए (एक वर्ष या अधिक सेवा का अनुभव रखने वाली कार्यकर्ता/सहायिका/सह-सहायिका/संगठिका को आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट दी जाएगी)। आवेदिका उसी वार्ड की स्थायी निवासी होनी चाहिए जिस वार्ड में आंगनबाड़ी केन्द्र स्थित है। निवासी होने के प्रमाण में ग्राम की अद्यतन मतदाता सूची में दर्ज नाम एवं नगरीय क्षेत्र में होने पर संबंधित वार्ड की अद्यतन मतदाता सूची में नाम दर्ज हो तो आवेदन पत्र में उसके क्रमांक का उल्लेख कर प्रतिलिपि लगाई जाए अथवा ग्राम पंचायत के सरपंच तथा सचिव द्वारा संयुक्त हस्ताक्षरित अथवा पटवारी तथा नगरीय निकायों में वार्ड पार्षद अथवा पटवारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र जिसमें वार्ड में निवासरत् रहने का पता सहित स्पष्ट उल्लेख हो, मान्य किया जाएगा। आवेदिका की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता आंगनबाड़ी सहायिका पद हेतु 8वीं बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण निर्धारित की गई है। अनुभवी कार्यकर्ता/सहायिका/सह सहायिका होने पर, गरीबी रेखा परिवार, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति परिवार की महिला होने पर तथा विधवा, परित्यक्ता अथवा तलाकशुदा महिला होने पर अतिरिक्त अंक दिए जाएंगे।

## निर्धारित समयावधि में करें लंबित प्रकरणों का निराकरण: कलेक्टर श्रीमती मिश्रा

### समय-सीमा की बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

**बालोद ( समय दर्शन )।** कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा ने विभागवार समय-सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सभी विभाग प्रमुखों को निर्धारित समयावधि में लंबित प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्रीमती मिश्रा आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में जिले के सभी विभाग एवं कार्यालय प्रमुखों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने कहा कि प्रकरणों के निराकरण के दौरान समय-सीमा का विशेष ध्यान रखें जिससे कि निर्धारित समयावधि में प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित कर आम जनता को उनका समुचित लाभ पहुँचाया जा सके। समय-सीमा की बैठक में आज अपर कलेक्टर श्री अजय किशोर लकरा एवं श्री नूतन कंवर सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति की विभागवार समीक्षा की। बैठक में श्रीमती मिश्रा ने राज्य में 17 नवंबर से प्रारंभ हो रहे समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य के अंतर्गत जिले में धान खरीदी कार्य को सुचारू रूप से संपन्न करने हेतु की जा रही तैयारियों के संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

श्रीमती मिश्रा ने जिले में धान खरीदी के कार्य को निर्बाध रूप से संपन्न कराने हेतु सभी धान खरीदी केन्द्रों में कम्प्यूटर ऑपरेटरों की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को गौधाम योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र एवं नगरीय निकायों में गौधाम के संचालन हेतु जगह चयन के संबंध में भी जानकारी दी।

## सी.ई.ओ.ने लंबित पत्रों को गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के दिए निर्देश

### 15 नवम्बर को जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस का होगा आयोजन



**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** कलेक्टर बी.एस.उइके के मार्गदर्शन में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई ।बैठक में उन्होंने जिला अधिकारियों को जनसमस्याओं, शिकायतों एवं मांगों से संबंधित सभी आवेदनों का परीक्षण कर उनका गुणवत्तापूर्ण निराकरण निर्धारित समय-सीमा के भीतर करने को कहा ।इस अवसर पर अपर कलेक्टर पंकज डाहिरे एवं नवीन भगत,सहित वरिष्ठ जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे ।श्री चंद्राकर ने कहा कि राज्य शासन के आदिम जाति तथा अनुसूचित विकास विभाग मंत्रालय के निर्देशानुसार 15 नवम्बर 2025 को जिला स्तरीय जनजातिय गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन गांधी मैदान में किया जाएगा ।इसके लिए अपर कलेक्टर पंकज कुमार डाहिरे को संपूर्ण कार्यक्रम के लिए नोडल अधिकारी बनाया गया है।

साथ ही अपर कलेक्टर नवीन भगत एवं संयुक्त कलेक्टर को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसके अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारियों को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न प्रकार के दायित्व सौंपें गए है।

उन्होनें कहा कि कलेक्टर जनदर्शन सहित उच्च कार्यालय से आए लंबित पत्रों को विभागिय अधिकारी गुणवत्तापूर्ण ढंग से निराकरण करें। विभिन्न माध्यमों से प्राप्त मांग एवं शिकायतों से संबंधित पत्रों को विभाग द्वारा की जा रही कार्यवाही के बारे में भी आवेदकों को भी जानकारी उपलब्ध करायें ताकि उन्हें विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यवाही के बारे में जानकारी मिल सकें। जिलास्तरीय एवं विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी अपनी विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों का निराकरण तत्काल करें। जिससे कि सेवा निवृति होने के दिन उनके स्वत्वों का भुगतान सुनिश्चित की जा सकें। उन्होनें कहा कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना भारत सरकार द्वारा एक पहल है। जिसका उद्देश्य घरों में सौर पैनल लगाकर मुफ्त बिजली उपलब्ध कराना है ।शासन द्वारा इसके लिए सब्सिडी प्रदान की जा रही है। जिले के पात्र हितग्राहियों या अधिकारी-कर्मचारियों के घरों के छतों पर पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से लाभांवित करने के लिए प्रेरित करें। इससे उनके बिजली के बिल में बचत होगी।

जिला सी.ई.ओ.चंद्राकर ने कहा कि एस.डी.एम. अपने-अपने अनुभाग के अन्तर्गत फिल्ड निरीक्षण पर जाते है तो यह सुनिश्चित करें कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत बनाए जा रहे घरों की गुणवत्ता और प्रगति की जाँच करें। तथा हितग्राहियों द्वारा निर्धारित ले-आउट पर आवास निर्माण किया जा रहा है कि नहीं। उन्होनें कहा कि जिले के गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराकर उपचार कराय,जिससे कि ऐसे बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार आ सके।

## शहर के विकास कार्यों को गति प्रदान करने हेतु सी.सी. रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन



**भाटापारा ( समय दर्शन )।** नगर पालिका भाटापारा द्वारा शहर के विकास कार्यों को गति प्रदान करने हेतु 16.69 लाख की लागत से बनने वाले सी.सी. रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्री शिवरतन शर्मा जी एवं नगरपालिका अध्यक्ष श्री अश्वनी शर्मा जी ने संयुक्त रूप से भूमिपूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

निर्माण कार्य के अंतर्गत डॉ. बसंत भृगु जी के घर से रेलवे पुल तक 5.77 लाख की लागत से, तथा दीपक दुबे जी के घर से बजरंग चौक तिराहा तक 10.92 लाख की लागत से सी.सी. रोड निर्माण किया जाएगा। यह परियोजना क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए आवागमन को सुगम बनाएगी तथा वार्ड के समग्र विकास में नई दिशा प्रदान करेगी। इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि भाटापारा नगर में विकास की गति निरंतर बढ़ रही है। प्रत्येक वार्ड तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना ही हमारी प्राथमिकता है। यह सड़क निर्माण कार्य जनता की सुविधा एवं क्षेत्र के समग्र विकास का प्रतीक है।

नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि नगर का सर्वांगीण विकास हमारी प्राथमिकता है। यह निर्माण कार्य स्थानीय नागरिकों को बेहतर आवागमन की सुविधा देगा और क्षेत्र के सौंदर्यीकरण में भी योगदान करेगा। कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया, सभापति गोविंद पटेल मनीष मिश्रा,सतीश तलरेजा,कुंजराम कोशले पूर्व जिलामहामंत्री राकेश तिवारी, जिला उपाध्यक्ष सुनील यदु,पार्षदगण उमाशंकर वर्मा , नंद किशोर वैष्णव,सतीश साहू,,बब्बू मंधान,गोवर्धन डहरिया, बंटी टंडन,भुवन सिंह ठाकुर, श्रेणिक गोलछा, देवेंद्र साहू,प्रकाश ठाकुर,शुभम राजपूत,मंडल अध्यक्ष योगेश अनंत पूर्व नेता प्रतिपक्ष आशीष जायसवाल, व्यास यदु,शिव वर्मा,देवेश बिश्नोई, गरीबा केशरवानी,अमर छाबड़िया, भरत निर्मलकर,धनेश माधवानी,हरीश गुप्ता,राजा केशरवानी,संजय शुक्ला,बल्ली शुक्ला, लय छाबड़िया, आशीष टोडर, रजत केशरवानी, अजीत निषाद, मन्नी महाराज,रजत केशरवानी, राजेन्द्र चौहान,डॉ बी बी गुप्ता, रत्नेश माहेश्वरी, डॉ संतोष वर्मा,मोनू दुबे,गिरवर साहू,संतोष केशरवानी मंत राम आनंद,सोनू दुबे उपस्थित थे।

## गौस और जेकमेन का यहुदा कौन....?



**बिलासपुर ( समय दर्शन )।** 11 तारीख को जेकमेन मेमोरियल मिशन अस्पताल पर पूरी तरह से सरकार का कब्जा हो गया। बड़ी निजी योजनाओं को भूमि आवंटन होगी और सब कुछ बाजार की ताकते नियंत्रित करेगी। सेवा और अन्य नैतिक मूल्य भी क्रोनी पूंजीवाद की भेंट चढ़ गई। प्रश्न उठता है कि जब आधा बिलासपुर नजूल पर बसा है तो बड़े भूखंड के लीज होल्डर चैन से कैसे बैठे हैं। आखिर सामान्य भाषा में जिन्हें जयचंद कहा जाता है ईसाई धर्म में वही भूमिका पतरस ने निभाई तो छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ डायोसिस अपंजीकृत का पतरस कौन है।

सैकड़ो चर्च एक दर्जन से ज्यादा स्कूल कई अस्पताल छत्तीसगढ़ में सेवा, प्रेम विश्वास की गाथा लिए है। इस सब में सेंध किसने लगाई। रायपुर का जाना अनजाना इतिहास ग्रॉस मेमोरियल बिलासपुर का जेकमेन मिशन कैसे सैकड़ो साल के इतिहास को भूल गया। जिस पीढ़ी के पतरस ने इस काम को अंजाम दिया उसे कैसे भूल जा सकता है। छत्तीसगढ़ डायोसिस पर ऐसे नेतृत्व का कब्जा है जिसके लोकस को कमिश्नर से लेकर उच्च न्यायालय की डीबी तक ने स्वीकार नहीं किया। जब नजूल न्यायालय बिलासपुर ने जेकमेन मेमोरियल अस्पताल की लीज निरस्त की और सीडब्ल्यूबीएम के नए डायरेक्टर के रूप में अपंजीकृत डायोसिस के अवैतनिक सचिव मैं आगे की कानूनी लड़ाई में आवेदन पत्र प्रस्तुत किये तब समय दर्शन ने स्पष्ट लिखा था। पावर ऑफ अटॉर्नी विधि शून्य हैं और आवेदक का लोकस नहीं है। यह बात हर फोरम पर सच निकली आखिर ऐसे नेतृत्व को समाज (डायोसिस) नेक कैसे और क्यों किसके इशारे पर स्वीकार कर रखा है। इन पर इसके साथियों पर जिसमें बिशप भी शामिल हैं। पांच से अधिक एफआईआर कायम है और यह अपनी लड़ाई को सामाजिक हित में बताते हैं। आज नहीं तो कल ईसाई समाज के सदस्य समझेंगे कि पतरस को किसने बैठाला, क्यों बैठाला यह तो दिख रहा है।

### शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय बघेरा में 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजनांतर्गत बाल दिवस पर अभिव्यक्ति कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**दुर्ग ( समय दर्शन )।** कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार और जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान' के अंतर्गत बाल दिवस के उपलक्ष्य में अभिव्यक्ति कार्यक्रम का आयोजन शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय बघेरा में किया गया।

कार्यक्रम के दौरान नवम्बर माह की थीम मैं भविष्य में क्या बनना चाहती हूँ पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और आत्मविश्वास के साथ अपने भविष्य के सपनों को व्यक्त किया। किसी छात्रा ने प्रशासनिक अधिकारी बनकर राष्ट्र सेवा की इच्छा जताई, तो किसी ने तकनीकी क्षेत्र में योगदान देते हुए आईआईटी अभियंता बनने का लक्ष्य बताया। सभी प्रतिभागियों ने दृढ़ संकल्प और निडरता के साथ अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की बात कहीं।

कार्यक्रम में छात्राओं ने बताया कि उनके गुरुजनों के मार्गदर्शन से उन्हें अपने जीवन के लक्ष्य निर्धारित करने में सहायता मिली। वक्ताओं ने कहा कि विद्यालय किसी भी राष्ट्र के विकास का प्रमुख स्तंभ है, क्योंकि बच्चे ही देश का भविष्य हैं। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में शुरुआत विद्यालयों से ही करनी होगी।

इस अवसर पर विभागीय टीम ने महिला सशक्तिकरण केंद्र, 181 महिला हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1930 साइबर सुरक्षा, बाल विवाह, पॉक्सो अधिनियम तथा सखी वन स्टॉप सेंटर से संबंधित जानकारी भी छात्राओं को प्रदान की। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं को सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दी गईं।

## भारत नशा मुक्ति संदेश लेकर धमतरी के युवा तुलसीराम साहू साइकिल से हुए नागपुर रवाना

### कलेटर अबिनाश मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर दी शुभकामनाएं




**धमतरी ( समय दर्शन )।** धमतरी जिले के ग्राम पतेरापारा निवासी युवा तुलसीराम साहू ने समाज में नशा मुक्ति का संदेश फैलाने के उद्देश्य से आज साइकिल यात्रा की शुरुआत की। वे धमतरी से नागपुर (महाराष्ट्र) के लिए रवाना हुए। कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया और उनके जुझारू एवं प्रेरणादायी कार्य की सराहना की।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने तुलसीराम से आत्मीय बातचीत करते हुए उनकी यात्रा संबंधी तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने सर्द मौसम को देखते हुए आवश्यक सामग्री, गर्म कपड़े आदि साथ रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि, आपका यह प्रयास पूरे समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। दृढ़ संकल्प और सामाजिक चेतना से ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव है।

उल्लेखनीय है कि तुलसीराम साहू इससे पूर्व भी साइकिल से छह राज्यों कृ छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, हरियाणा, राजस्थान और पंजाब - की यात्रा पूरी कर चुके हैं। उन्होंने इस दौरान 32 दिनों में लगभग 5200 किलोमीटर का सफर तय किया था। यह यात्रा उन्होंने 6 अप्रैल 2025 (रामनवमी) के पावन अवसर पर माँ विंध्यवासिनी मंदिर धमतरी से प्रारंभ की थी, जिसका उद्देश्य था-नशे के खिलाफ जन-जागृति

### 'नशा विरोध की प्रेरणा: अनुभव से निकला अभियान

तुलसीराम ने बताया कि इस अभियान की प्रेरणा उन्हें व्यक्तिगत अनुभवों से मिली। उनके छोटे भाई की मानसिक स्थिति नशे की लत के कारण बिगड़ गई थी, जिससे वे गहराई से प्रभावित हुए। बचपन में भी उन्होंने कई बच्चों को नशे की चपेट में आते देखा था। इन घटनाओं ने उन्हें नशा मुक्ति के लिए समर्पित जीवन जीने की प्रेरणा दी।'

उन्होंने बताया कि नागपुर पहुंचने के बाद वे 16 नवम्बर को धमतरी के लिए वापस लौटेंगे। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग की संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री पवन प्रेमी, उप संचालक डॉ. मनीषा पाण्डे, सहित खेल विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

प्रदेश के विभिन्न जिलों में लगभग 2000 करोड़ रुपए की योजनाओं और हितग्राहियों हेतु नवीन आबंटी पोर्टल का भी होगा शुभारंभ

# राज्य स्तरीय आवास मेले में दो हजार करोड़ की नई आवासीय योजनाओं का होगा शुभारंभ

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती वर्ष मना रहा है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा प्रदेशवासियों को सुलभ और किफायती आवास उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओ. पी. चौधरी के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा राजधानी रायपुर के बी.टी.आई. ग्राउंड, शंकर नगर में 23 से 25 नवम्बर 2025 तक राज्य स्तरीय आवास मेला आयोजित किया जाएगा। इस मेले में प्रदेशभर की आवासीय और व्यावसायिक संपत्तियों की विस्तृत जानकारी एक ही मंच पर उपलब्ध होगी। साथ ही, आवासीय योजनाओं की स्पॉट बुकिंग सुविधा, बैंक ऋण सहायता तथा पंजीकरणकर्ताओं के लिए आकर्षक उपहार जैसी विशेष व्यवस्थाएँ भी की जाएँगी। इस दौरान हाउसिंग बोर्ड द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों में लगभग 2000 करोड़ रुपए की नई आवासीय योजनाओं का शुभारंभ किया जाएगा। इन योजनाओं में लगभग 70 प्रतिशत आवासीय संपत्तियाँ समाज के कमजोर आय वर्ग के लोगों के लिए आरक्षित रहेंगी। हाल ही में सम्पन्न राज्योत्सव-2025 के दौरान गृह निर्माण मंडल ने नवा रायपुर स्थित मेला स्थल पर अपनी विभिन्न योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई थी, जिसे नागरिकों का भरपूर प्रतिसाद मिला। हजारों आगंतुकों ने हाउसिंग बोर्ड के स्टॉल का भ्रमण कर संपत्तियों में गहरी रुचि दिखाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भी स्टॉल का अवलोकन कर हाउसिंग बोर्ड के कार्यों की सराहना की थी। आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओ. पी. चौधरी ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार का लक्ष्य हर परिवार को अपना पक्का घर उपलब्ध कराना है। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा आयोजित यह राज्य स्तरीय आवास मेला प्रदेशवासियों के लिए किफायती आवास उपलब्ध कराने की




दिशा में एक बड़ा कदम सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प है कि वर्ष 2027 तक प्रत्येक परिवार के पास अपना पक्का छत हो। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव ने बताया कि राज्योत्सव में जनता से मिला उत्साहजनक प्रतिसाद इस बात का प्रमाण है कि लोगों का हाउसिंग बोर्ड की योजनाओं पर विश्वास लगातार बढ़ रहा है। राज्य स्तरीय आवास मेले के माध्यम से प्रदेश के नागरिकों को एक ही मंच पर सभी योजनाओं की जानकारी, आवेदन और बुकिंग की सुविधा प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में हाउसिंग बोर्ड ने कई जनहितैषी योजनाएँ प्रारंभ की हैं, जिनमें वन टाइम सेटलमेंट योजना-2 विशेष रूप से उल्लेखनीय है, जिसके अंतर्गत भवन मूल्य में 30 प्रतिशत तक की छूट देकर आमजन को किफायती दरों पर पक्का मकान उपलब्ध कराया गया है। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल का यह राज्य स्तरीय आवास मेला प्रदेश की आवासीय विकास यात्रा में एक नया अध्याय जोड़ेगा। छत्तीसगढ़ स्थापना के रजत जयंती वर्ष में यह आयोजन सबके लिए आवास के लक्ष्य की दिशा में एक सार्थक और ऐतिहासिक पहल सिद्ध होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास के मंत्र को साकार करने की दिशा में छत्तीसगढ़ तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। गृह निर्माण मंडल द्वारा दो हजार करोड़ रुपए की नई आवासीय योजनाओं का शुभारंभ प्रदेश की आवासीय विकास यात्रा में नया अध्याय जोड़ेगा और समाज के कमजोर वर्गों से लेकर मध्यम आय वर्ग तक के परिवारों

## बिजली पर निर्भरता घट गई और सौर ऊर्जा से रौशन हुआ घर-रविंद्र नाथ गोपाल



**रायपुर।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विजन ऊर्जा आत्मनिर्भर भारत को साकार करने की दिशा में भारत सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना रायगढ़ जिले में जन-जन तक पहुँच रही है। इसी क्रम में रायगढ़ जिले के रियापारा निवासी श्री रविंद्र नाथ गोपाल ने जुलाई माह में अपने घर की छत पर सौर ऊर्जा प्रणाली लगवाकर आत्मनिर्भरता की नई मिसाल पेश की है। उन्होंने बताया कि बिजली पर निर्भरता काफी घट गई और हमारा घर सौर ऊर्जा से रौशन हुआ है। श्री गोपाल ने बताया कि पहले जहां उन्हें हर महीने लगभग 3 हजार रूपये तक का बिजली बिल देना पड़ता था, वहीं अब उनका बिजली खर्च लगभग समाप्त हो गया है। वह एक मध्यमवर्गीय परिवार से आता है, गर्मी के दिनों में बढ़ते बिजली खर्च से काफी परेशान रहता था। इसी दौरान उन्हें केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के बारे में जानकारी मिली। योजना की शर्तें और लाभ जानने के बाद उन्होंने आवेदन किया, और कुछ ही समय में स्वीकृति मिलने पर जुलाई महीने में उनके घर की छत पर सोलर पैनल स्थापित कर दिए गए। तेज धूप वाले जुलाई माह से ही यह सोलर सिस्टम सक्रिय हो गया और उनके घर की अधिकांश विद्युत आवश्यकताएं सौर ऊर्जा से पूरी होने लगीं, इससे उनकी ग्रिड बिजली पर निर्भरता काफी घट गई और बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी आई। श्री गोपाल बताते हैं कि जुलाई में सोलर सिस्टम लगवाना मेरे जीवन का सबसे सही निर्णय था। अब हर महीने बिजली बिल की चिंता नहीं रहती। सूरज की रोशनी से अपनी बिजली बनाना गर्व और आत्मनिर्भरता दोनों का अनुभव देता है। उनका यह अनुभव दर्शाता है कि यदि नागरिक सरकारी योजनाओं की सही जानकारी प्राप्त कर समय पर पहल करें तो न केवल आर्थिक रूप से सशक्त बन सकते हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। रियापारा के श्री रविंद्र नाथ गोपाल की यह पहल अन्य परिवारों के लिए प्रेरणा बन गई है कि सूर्य की ऊर्जा अपनाकर स्वच्छ, सस्ती और टिकाऊ बिजली का लाभ लिया जा सकता है। बता दे कि इस योजना के तहत 03 किलोवाट क्षमता के सोलर प्लांट पर केंद्र और राज्य सरकार मिलकर 1 लाख 08 हजार रुपये की सब्सिडी प्रदान कर रही हैं। शेष राशि के लिए बैंकों द्वारा शून्य प्रोसेसिंग शुल्क और 6 प्रतिशत ब्याज दर पर आसानी से ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। इस योजना का लाभ उठाने के लिए नागरिकों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है।

## पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री राजेश अग्रवाल उतरे फील्ड पर

**रायपुर।** प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री राजेश अग्रवाल ने सरगुजा प्रवास के दौरान अंबिकापुर शहर में विभिन्न निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर बेहतर और गुणवत्तापूर्ण कार्य के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जनता की सुविधा के लिए निरंतर कार्य कर रही है और सभी विकास कार्यों को समयसीमा में पूर्ण करना प्राथमिकता है।

मंत्री श्री अग्रवाल ने अपने निरीक्षण की शुरुआत स्वच्छता चेतना पार्क से की। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए अधिकारियों से कहा कि इस पार्क को शहरवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनाया जाए। उन्होंने कहा कि यह पार्क न केवल स्वच्छता का संदेश देगा बल्कि पर्यटन की दृष्टि से भी लोगों को जोड़ने का माध्यम बनेगा।

इसके बाद मंत्री अग्रवाल मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर पहुंचे, जहां उन्होंने सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता जांची। उन्होंने कहा कि अस्पताल आने वाले मरीजों और उनके



परिजनों को बिना किसी परेशानी के आवागमन की सुविधा मिलनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क को मजबूत और टिकाऊ बनाया जाए तथा कार्य की गति में तेजी लाई जाए।

निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री अग्रवाल ने नगर निगम के नए प्रशासनिक भवन निर्माण स्थल का दौरा किया। उन्होंने अधिकारियों और इंजीनियरों से कहा कि भवन निर्माण कार्य तय समय-सीमा में पूर्ण करें ताकि नगर निगम की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ सके। नगर के विकास कार्यों की श्रृंखला में मंत्री श्री अग्रवाल ने नेहरू वार्ड क्रमांक 25 सत्तीपारा की सड़कों के डामरीकरण कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि शहर के सभी वार्डों की सड़कों को गुणवत्तापूर्ण डामरीकरण से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि नागरिकों को सुगम आवाजाही की सुविधा मिले। उन्होंने अधिकारियों से शहर की सकरी गलियों का सर्वे कर वहां भी डामरीकरण सुनिश्चित करने को कहा। मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता उनका प्राथमिक लक्ष्य है। उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि किसी भी कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त श्री डी. एन. कश्यप सहित निगम अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में मंत्री अग्रवाल ने कहा, ''स्वच्छ, सुंदर और आधुनिक अंबिकापुर के निर्माण का लक्ष्य हमारी संयुक्त जिम्मेदारी है।

## मार्शल आर्ट्स नेशनल प्रतियोगिता के लिए अंबिकापुर की बेटियाँ जम्मू-कश्मीर रवाना

**पर्यटन मंत्री श्री राजेश अग्रवाल ने दी दस-दस हजार की सहायता, कहा: बेटियाँ करेंगी प्रदेश का मान ऊँचा**

**रायपुर।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री राजेश अग्रवाल ने अंबिकापुर की मार्शल आर्ट्स की उभरती हुई खिलाड़ियों कुमारी निशा वैद एवं कुमारी संगीता सिंह से अपने निवास कार्यालय में सौहार्दपूर्ण मुलाकात की। दोनों खिलाड़ी आगामी नेशनल मार्शल आर्ट्स प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु जम्मू-कश्मीर प्रस्थान कर रही हैं। मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि निशा और संगीता जैसी होनहार बेटियाँ प्रदेश की खेल प्रतिभा का गौरव हैं। उन्होंने कहा कि दोनों ने पूर्व में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई पदक हासिल किए हैं और अब राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेकर छत्तीसगढ़ एवं अंबिकापुर का नाम रोशन करेंगी। उन्होंने



खिलाड़ी बेटियों को प्रोत्साहित करते हुए दस-दस हजार रू. की आर्थिक सहायता प्रदान की तथा भविष्य में भी हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। मंत्री अग्रवाल ने माँ महामाया से प्रार्थना करते हुए कहा कि वे दोनों खिलाड़ियों को सफलता का आशीर्वाद दें ताकि वे प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश को गौरवान्वित करें।

विश्व विजेता भारतीय महिला दल में कवर्धा की बेटी का अमूल्य योगदान हम सभी के लिए गर्व की बात– उपमुख्यमंत्री

# उपमुख्यमंत्री शर्मा मिले वर्ल्ड कप विजेता महिला क्रिकेट टीम की फिजियोथेरेपिस्ट आकांक्षा सत्यवंशी से, दी शुभकामनाएं

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने आज विश्व कप विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम की फिजियोथेरेपिस्ट रहीं श्रीमती आकांक्षा सत्यवंशी एवं उनके परिजनों के साथ अपने निज निवास पर आत्मीय भेंट की और उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने उन्हें शौर्य के प्रतीक के रूप में गदा भी भेंट किया। जिसपर आकांक्षा ने हर्ष पूर्वक अपने विश्वकप के फाइनल मैच में गदा से जुड़ा एक वाक्या शेयर करते हुए बताया कि वे भी हनुमान जी की भक्त हैं और आखरी मैच में खिलाड़ी राधा यादव और क्रांति गौड़ पूरे समय हनुमान चालीसा का पाठ कर रहे थे। फिर जब उनकी मैच खेलने की पारी आयी तो उन्होंने एक छोटा सा गदा मेरे हांथों में देकर उसे मैच के अंत तक पकड़े रहने को कहा था और भगवान हनुमान की कृपा हम पर बनी रही और हम विश्व विजेता बन गए। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा मिले वर्ल्ड कप विजेता



भारतीय महिला क्रिकेट टीम की फिजियोथेरेपिस्ट आकांक्षा सत्यवंशी से, दी शुभकामनाएं इस अवसर पर उन्होंने उपमुख्यमंत्री से अपने क्रिकेट से जुड़ने के सफर को साझा किया। कैसे एम्स रायपुर की पक्की नौकरी छोड़कर उन्होंने क्रिकेट टीम की फिजियो बनीं। उन्होंने बताया की प्रारंभिक पढ़ाई के बाद रायपुर मेडिकल कॉलेज से फिजियोथेरेपी में स्नातक और कटक से स्नातकोत्तर किया। जिसके बाद उन्होंने कई न्यूरो सर्जन्स के साथ काम किया और उसी वक्त उन्होंने फेसबुक पर अपनी ट्रेवलिंग के शौक के साथ अपनी बक्केट विश लिस्ट शेयर की थी। उन्होंने कहा उन्हें नहीं पता था कि एक फेसबुक पोस्ट मेरी दुनिया बदल देगा। फेसबुक पोस्ट से मेरे घूमने के शौक को जानकर मेरी सीनियर ने मुझे छत्तीसगढ़ क्रिकेट टीम से जुड़ने का ऑफर दिया और उसी वक्त उनका चयन एम्स रायपुर के लिए भी हुआ था। घर में लोग स्थायी नौकरी के लिए मुझे एम्स जाने के लिए कहा पर माता-पिता और भाई ने उन्हें स्पोर्ट किया और उन्होंने स्थायी नौकरी छोड़ क्रिकेट के साथ अपनी यात्रा प्रारम्भ की एवं छत्तीसगढ़ महिला क्रिकेट टीम की तीनों वर्गों को अपनी सेवाएं दी और उनके अच्छे काम ने उन्हें बीसीसीआई की नजर में ला दिया और सीधे सीनियर भारतीय महिला टीम के साथ उन्हें एक कार्यशाला में कार्य करने का मौका मिला और इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। इस अवसर आकांक्षा ने बताया कि उन्हें घूमने का शौक है पहले महिलाओं का सफर करना बहुत कठिन होता था, अब मुझे घर वालों का साथ मिला और अब सब बदल गया है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि अब खेल हो या फाइटर प्लेन उड़ाना हर क्षेत्र में महिलाएं आगे आ रहीं हैं। अब तो शासन में भी महिलाओं को प्रतिनिधित्व दिलाने के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने आकांक्षा को वर्ल्ड कप विजय की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा की आपकी सफलता पूरे छत्तीसगढ़ की महिलाओं के लिए प्रेरणादायी है। कवर्धा की बेटी का विश्व विजेता बनने में अमूल्य योगदान हम सभी के लिए गर्व की बात है। इससे हमारे प्रदेश की बालिकाएं भी खेल के क्षेत्र में आगे आने के लिए प्रेरित होंगी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऐतिहासिक जीत में आपकी भूमिका ने हम सभी को गौरव दिलाया है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने आकांक्षा सत्यवंशी को सम्मान स्वरूप मेडल पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और पूरे परिवार के साथ स्वल्पाहार भी किया। फिजियोथेरेपिस्ट आकांक्षा सत्यवंशी ने जीत की खुशी साझा करते हुए कहा कि मुझे गर्व है।

## संक्षिप्त समाचार

### फसलों में बीमारियों के नियंत्रण के लिए जैव नियंत्रकों का उपयोग करें : डॉ. चंदेल




**रायपुर।** कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में ऋजैवनियंत्रण एजेंट्स के व्यापक प्रसार (Mass Multiplication of Biocontrol Agents)" पर हैंड्स-ऑनट्रेनिंग का आयोजन छत्तीसगढ़ काउंसिल ऑफसाइंस एंड टेक्नोलॉजी (ष्ट्रत्रष्टह्रस्ञ्) रायपुर के वित्तीय सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विशेषज्ञों ने छात्रों को कृषि के बदलते स्वरूप और जैविक उपायों के महत्व से अवगत कराया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को जैविक कीट नियंत्रण के व्यावहारिक पहलुओं से अवगत कराना था। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। डॉ. चंदेल ने कहा कि हमें ब्राज़ील के उदाहरण से सीखना चाहिए, जहाँ मच्छरों के नियंत्रण के लिए जैव नियंत्रण एजेंट्स का सफल उपयोग किया गया है। उन्होंने रासायनिक पदार्थों के उपयोग को कम करने और सामुदायिक स्तर पर जैविक नियंत्रण के उपाय अपनाने का आह्वान किया।

कार्यशाला में डॉ. संजय शर्मा अधिष्ठाता छात्र कल्याण ने कहा कि आज की कृषि पूरी तरह बाजार-केन्द्रित हो चुकी है, और जैव नियंत्रण एजेंट्स उद्यमिता (entrepreneurship) के लिए एक उत्कृष्ट मंच साबित हो सकते हैं। डॉ. आरती गुहे अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, रायपुर ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे आज अर्जित किए गए ज्ञान को आगे साझा करने के माध्यम बनें, ताकि यह जानकारी समाज के अन्य सदस्यों तक पहुँच सके। छत्तीसगढ़ काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (CGCOST) के प्रतिनिधि डॉ. अखिलेश त्रिपाठी ने कहा कि ऐसे शोध एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन बार-बार किया जाना चाहिए, जिससे छात्रों के साथ-साथ कृषक समुदाय को भी नई तकनीकों की जानकारी मिल सके। कार्यक्रम में डॉ. एस. एस. टुटेजा, निदेशक विस्तार सेवाएं भी मौजूद थे। इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यशाला में छत्तीसगढ़ के 20 विभिन्न महाविद्यालयों से 150 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्रों के लिए न केवल एक शैक्षणिक अनुभव रहा, बल्कि टिकाऊ कृषि और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायी कदम भी साबित हुआ।

प्रशिक्षण के तकनीकी सत्रों में देश के ख्याति प्राप्त वैज्ञानिकों ने ऑनलाइन माध्यम से अपने व्याख्यान दिए। डॉ. ऋचा वार्ष्णेय (वैज्ञानिक, एन बी ए आई आर, बेंगलुरु), डॉ. विशाल सिंह सोमवंशी (आई एआर आई), और डॉ. विनोद निर्मलकर, कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, बिलासपुर ने जैव-एजेंटों के मास मल्टीप्लीकेशन और कृषि में उनके महत्व पर विस्तृत जानकारी साझा की। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण व्यावहारिक सत्र रहा, जहाँ छात्रों को जैव नियंत्रण प्रयोगशाला (Biocontrol Laboratory) में ले जाया गया। वहां उन्हें जैव-एजेंटों के बड़े पैमाने पर गुणनकी विभिन्न तकनीकों का व्यावहारिक प्रदर्शन (hands on demonstration) दिया गया। कार्यक्रम का सफल आयोजन संयोजक डॉ. बी. पी. कतलम और आयोजन सचिव डॉ. योगेश मेश्राम के मार्गदर्शन में किया गया। आयोजन समिति के सदस्यों डॉ. गजेंद्र चंद्राकर, डॉ. सोनाली देवले, डॉ. विकास सिंह, और डॉ. राजेश कुमार एक्का ने कार्यक्रम के सुचारु संचालन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर कीट विज्ञान विभाग के शोध छात्र भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### महापुरुषों पर आपत्तिजनक टिप्पणी का मामला: अमित बघेल घर से फरार

**रायपुर।** राजधानी में महापुरुषों के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले ने एक बार फिर तूल पकड़ लिया है। इसी सिलसिले में पुलिस ने रविवार को छत्तीसगढ़ क्रांति सेना और जोहार पार्टी के अध्यक्ष अमित बघेल के घर पर दबिश दी। बताया जा रहा है कि पुलिस के पहुंचते ही बघेल पिछले दरवाजे से कूदकर फरार हो गए। उनके मोबाइल नंबर पर संपर्क की कोशिश भी नाकाम रही, क्योंकि फोन बंद मिला। फिलहाल रायपुर पुलिस की विशेष टीमें उनकी सक्रिय रूप से तलाश कर रही हैं, जबकि अन्य जिलों और राज्यों में भी टीमों को भेजा गया है। एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने एक वीडियो बयान जारी कर लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अमित बघेल के खिलाफ देवेंद्रनगर और कोतवाली थाना क्षेत्रों में अपराध पंजीबद्ध है, और पुलिस कानूनी प्रक्रिया के तहत जल्द कार्रवाई करेगी। मामले की पृष्ठभूमि 26 अक्टूबर की है, जब रायपुर के वीआईपी चौक स्थित छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा सुबह टूटी हुई अवस्था में पाई गई। इस घटना के बाद छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना और जोहार पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया और इसे राज्य की अस्मिता पर हमला करार दिया। विवाद तब गहराया जब अमित बघेल का एक विवादित बयान सामने आया, जिसमें उन्होंने कथित तौर पर महाराजा अग्रसेन, भगवान झूलेलाल, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के प्रति आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया। सोशल मीडिया पर बयान के वीडियो वायरल होते ही आक्रोश फैल गया और मामला राज्य की सीमाओं से बाहर जा पहुंचा। इस बीच, प्रतिमा तोड़फोड़ के आरोपी मनोज कुर्रे को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपी मानसिक रूप से अस्थिर है।

### धरसीवा में सड़क हादसा: अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौके पर मौत, चालक फरार

**रायपुर।** धरसीवा थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ, जहां अमर जवान पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से पैदल जा रही महिला की मौत हो गई। यह हादसा सुबह करीब 11:30 बजे हुआ। टक्कर के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। मृतका की उम्र लगभग 25 से 30 वर्ष बताई जा रही है, हालांकि अब तक उसकी पहचान नहीं हो सकी है। सूचना मिलते ही धरसीवा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि दुर्घटना में शामिल वाहन और चालक का सुराग लगाया जा सके।

## संपादकीय

### गंभीर चिंता का पहलू

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र भेज कर कहा है कि वे प्राइवेट सुरक्षा एजेंसियों को रिटायर्ड अग्निवीरों की भर्ती के लिए राजी करें। खासकर उन एजेंसियों को, जिनकी सेवाएं सरकारी विभाग, बैंक आदि लेते हैं। नरेंद्र मोदी सरकार ने जब 'अग्निपथ' योजना लागू की, तभी ये चेतावनी दी गई थी कि इसके तहत भर्ती अग्निवीर जब रिटायर्ड होंगे, तो भारतीय समाज के लिए वे एक बड़ी चिंता का कारण बनेंगे। सरहदों की हिफाजत में युवा उम्र के चार साल गुजारने के बाद जब बाकी जिंदगी में उन्हें सचमुच के अग्निपथ से गुजरना होगा। अब ये आशंका सच होती दिख रही है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र भेज कर कहा है कि वे प्राइवेट सुरक्षा एजेंसियों को रिटायर्ड अग्निवीरों की भर्ती के लिए राजी करें। खासकर उन एजेंसियों को, जिनकी सेवाएं सरकारी विभाग, बैंक आदि लेते हैं। इसके लिए प्राइवेट सिक्युरिटी एजेंसी रेगुलेशन ऐक्ट का सहारा लेने को कहा गया है। इस कानून में प्रावधान है कि प्राइवेट सुरक्षा एजेंसियां सेना, पुलिस और सशस्त्र बलों से रिटायर्ड कर्मियों को भर्ती में तरजीह दे सकती हैं। मगर ध्यान में रखने की बात है कि थल, वायु एवं जल सेनाओं से रिटायर्ड कर्मियों को पेंशन, इलाज, कैंटीन आदि की सेवाएं ताउम्र मिलती हैं, जबकि अग्निवीरों को चार साल की नौकरी के बाद एकमुश्त 11.71 लाख रुपये देकर विदा करने का प्रावधान है। केंद्र ने 25 फीसदी अग्निवीरों को 15 और साल के लिए सेना में रखने तथा अपने तहत आने वाले अर्धसैनिक बलों में उनके लिए आरक्षण का प्रावधान किया है। ऐसा ही प्रावधान राज्य सरकारों से भी पुलिस एवं सशस्त्र बलों में करने को कहा गया है। मगर ये सब आश्वासन हैं, गारंटी नहीं। इसलिए अंदेशा है कि ज्यादातर अग्निवीरों का भविष्य प्राइवेट सुरक्षा एजेंसियों में अस्थायी नौकरी करना होगा। ये सवाल पहले भी उठा था और आज भी प्रासंगिक है कि क्या इसका खराब असर भारतीय सीमाओं के रक्षकों के मनोबल पर नहीं पड़ेगा? अग्निपथ योजना संभवत: भारत के रक्षा खर्च पर बढ़े दबाव के कारण शुरू की गई। वन रैंक वन पेंशन योजना ने रक्षा बजट के बहुत हिस्से को हड़प लिया। नतीजा एक ऐसी योजना के रूप में सामने आया है, जिसे अनेक विशेषज्ञ राष्ट्रीय सुरक्षा से एक तरह का समझौता मानते हैं। यह गंभीर चिंता का पहलू है।

## रोजगार की चाह में पलायन!

**हरिशंकर व्यास**

जैसे शेष भारत में बिहार की एक अलग पहचान है वैसी ही पहचान दुनिया में भारत की है। पचास वर्षों से बिहार बता रहा है कि लोग वहा से भाग रहे हैं। भय के कारण या अवसर और रोजगार की चाह में पलायन! क्या वैसी ही हकीकत भारत की नहीं है? सोचें, पिछले पंद्रह वर्षों से भारतीयों का पलायन क्यों कर है? अमीर, बड़े लोगों में दुबई, सिंगापुर, अमेरिका आदि जगह जाने के पीछे तरह-तरह के भय हैं। चिंताएं हैं। ढेरों हैं ऐसे आंकड़े जो बताते हैं कि उद्यमी-अमीर भारत छोड़ रहे हैं। हाल में सुनने को मिला कि अंबानियों ने इस बार ब्रिटेन में दिवाली मनाई! खाते-पीते मध्यम-अमीर वर्ग की निगाहों में भारत वह जंगल हो गया है, जहां न सांस साफ है, न वह घूमने लायक है और न शादी या सालगिरह मनाने लायक न निवेश लायक! सोचें, क्या ऐसी बुरी दशा जंगल में होती है? तभी पते का अहम मसला भारत के लोगों को दुनिया में इस सोच में देखा जाना है कि एक भारतीय (बिहारी) सौ बीमारी। दीवाली पर अमेरिका में सोशल मीडिया में ये पोस्ट थी कि हिंदूओं ने आकर कनाडा, अमेरिका के जंगल तबाह किए! भारतीय छात्रों के साथ बदसलूकी की खबरें आम हैं। संदेह नहीं कि बिहार की तरह ही शिक्षा के साथ अवसर के जुगाड़ में भारत से जो पलायन हो रहा है वह इस सोच में है कि कैसे भी हो, कोई भी अवसर हो उसे पाना है। कुछ भी करना है। तीस साल पहले भारत से लोग खाड़ी, आसियान देशों में मजदूरी, कारीगरी, कंस्ट्रक्शन जैसे किसी भी तरह के अवसर की तलाश में पलायन कर रहे थे। बाद में आईटीकर्मी के नाते जाने लगे। मगर तीस-चालीस साल पहले दक्षिण से, केरल से भारतीयों का पलायन कार्य-अवसर विशेष से हुआ करता था। पर मिलेनियम पीढ़ी के बाद से भारत में हर जगह से, किसी भी तरह, दुनिया के किसी भी कोने में पलायन का ट्रेंड है। सामान्य बात नहीं है कि बेसिक आईटी शिक्षा लिए भारतीय लड़के कंपूचिया, म्यांमार, वियतनान, लाओस आदि में डिजिटल अपराध गैंग की चंगुल में फंसे। मतलब वही मनोविज्ञान काम कर रहा है जो बिहार से बाहर रोजी-रोटी, बेगारी के लिए पलायन का था। तभी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीयों को हथकडी लगाकर लौटाया तो बाकी देशों में भी सभी तरफ भारतीय प्रवासियों पर फोकस हैं। पर भारत निरूत्तर। मोदी सरकार लगातार ट्रंप की रीति-नीति (खासकर छात्रों के अवसर, पेशेवर वीजा आदि में) के आगे पस्त है। वे मई से भारत को बार-बार जलील कर रहे हैं। भारत मजबूरन मौन। सोच सकते हैं इससे कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, चीन, यूरोपीय संघ, खाड़ी-अफ्रीकी, आसियान देशों में भारत की इमेज कैसी बन रही होगी? ताजा खबर है कि प्रधानमंत्री मोदी ने आसियान बैठक, पूर्व एशिया बैठक से वैसे ही किनारा काटा है जैसे संयुक्त राष्ट्र के महाधिवेशन और शर्म अल शेख की गाजा शिखर बैठक से काटा था। ध्यान रहे आज से दक्षिण कोरिया में एपेक, आसियान-पूर्व एशियाई देशों के संगठनों की शिखर कूटनीति है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनफिंग व ट्रंप की मुलाकात से लेकर समूचे दक्षिण-पूर्व एशिया, पूर्वी एशियाई देशों में विश्व व्यापार, राजनीति के जो दांवपेंच होंगे उन सबसे भारत के बाहर होने, प्रधानमंत्री मोदी के बाहर रहने का वही अर्थ है जो अरब-खाड़ी देशों के गाजा जमावड़े में शर्म अल शेख में उनकी अनुपस्थिति का था। मतलब ट्रंप की वजह से अरब-खाड़ी देशों में पाकिस्तान को नए महत्व और आसियान व पूर्व एशिया में ट्रंप-शी जिनफिंग के दबदबे से प्रधानमंत्री मोदी दूर रहे हैं तो वजह घबराहट है। जबकि दूसरी तरफ चर्चा यह भी है कि तौबा कर भारत सरकार अंततः अमेरिका के कहे अनुसार कृषि उत्पादनों में भी खरीदारी करेगी। रूस से तेल आयात घटाएगी। क्यों? इसलिए क्योंकि भारत के पास है क्या जो वह कह सके कि उसे नहीं चाहिए अमेरिका से अवसर। हकीकत है कि प्रधानमंत्री मोदी हों, भारत सरकार हो या भारत के धन्ना सेठ या आम भारतीय सभी मजबूर है अमेरिका में याकि दुनिया में अवसर की ताक में!

# पूरे विश्व में भारतीय आर्थिक दर्शन को लागू करने का समय अब आ गया है

**प्रह्लाद सबनानी**



आज, वैश्विक स्तर पर कई देशों में विभिन्न प्रकार की आर्थिक समस्याएं दिखाई दे रही हैं, जिनका हल ये देश निकाल नहीं पा रहे हैं। आज विश्व के सबसे अधिक विकसित देश अमेरिका में भी मुद्रा स्फीति, बेरोजगारी, ऋण की राशि का असहनीय स्तर पर पहुंच जाना, विदेशी व्यापार में लगातार बढ़ता घाटा, नागरिकों के बीच आय की असमानता का लगातार बढ़ते जाना (अमीर नागरिक और अधिक अमीर हो रहे हैं एवं गरीब नागरिक और अधिक गरीब हो रहे हैं), बजट में वित्तीय घाटे का लगातार बढ़ते जाना एवं इन आर्थिक समस्याओं के चलते देश में सामाजिक ताने बाने का छिन्न भिन्न होना, जैसे, जेलों की पूरी क्षमता का उपयोग और इन जेलों में कैदियों के रखने लायक जगह की कमी होना, तलाक की दर में बेतहाशा वृद्धि होना, मकान की अनुपलब्धि के चलते बुजुर्गों का खुले में पार्कों में रहने को मजबूर होना, आदि ऐसी कई प्रकार की आर्थिक एवं सामाजिक समस्याएं दिखाई दे रही हैं। उक्त समस्याओं के चलते ही अब अमेरिकी अर्थशास्त्रियों द्वारा खुले रूप से कहा जाने लगा है कि साम्यवाद पर आधारित अर्थव्यवस्थाओं के असफल होने के उपरांत अब पूंजीवाद पर आधारित अर्थव्यवस्थाओं के भी असफल होने का खतरा मंडराने लगा है, और यह अब कुछ वर्षों की ही बात शेष है। उक्त समस्याओं के हल हेतु अब पूरा विश्व ही भारत की ओर आशाभारी नजरों से देख रहा है और तीसरे आर्थिक मॉडल की तलाश कर रहा है।

भारतीय आर्थिक दर्शन का वर्णन चारों वेद (ऋग्वेद, सामवेद, यजुर्वेद एवं अथर्ववेद), 18 पुराण, उपनिषद, विदुरनीति, कौटिल्य अर्थशास्त्र, थिरुवल्लुवर, मनुस्मृति, शुक्रनीति, डॉक्टर एम जी बोकारे द्वारा लिखित हिंदू अर्थशास्त्र, श्री दत्तोपंत ठेंगढ़ी द्वारा रचित पुस्तक थर्ड वे आदि शास्त्रों एवं धार्मिक पुस्तकों में मिलता है। इस प्रकार भारतीय आर्थिक दर्शन की जड़ें सनातन हिंदू संस्कृति से जुड़ी हुई हैं। भारतीय आर्थिक दर्शन की नीतियों का अनुपालन करते हुए ही प्राचीन काल में भारत में विभिन्न राजाओं द्वारा अपने अपने राज्यों की अर्थव्यवस्था सफलतापूर्वक चलाई जाती रही है।

भारतीय आर्थिक दर्शन में विपुलता के सिद्धांत की व्याख्या मिलती है जिसके अनुसार, बाजार में वस्तुओं की आपूर्ति सदैव ही मांग से अधिक रहती थी। इस सिद्धांत के चलते चूंकि उत्पादों की बाजार में पर्याप्त आपूर्ति रहती थी अतः वस्तुओं के बाजार भाव में वृद्धि नहीं दिखाई देती थी, अतः भारत में प्राचीनकाल में मुद्रा स्फीति की समस्या सर्वथा, थी ही नहीं। जबकि, आज विभिन्न देशों की अर्थव्यवस्थाओं में मुद्रा स्फीति की समस्या सबसे बड़ी समस्या है जिसका हल निकालने में ये देश सक्षम नहीं दिखाई दे रहे हैं। विपुलता के सिद्धांत के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में ही विभिन्न उत्पादों का उत्पादन किया जाकर स्थानीय हाट बाजार में इन उत्पादों का विक्रय किया जाता था, जिससे स्थानीय स्तर पर ही स्वावलम्बन का भाव जागृत होता था। कुछ इलाकों में 40/50 गांवों के बीच साप्ताहिक हाट की व्यवस्था विकसित की गई थी। इन साप्ताहिक हाटों में लगभग सभी प्रकार के उत्पादों का विक्रय किया जाता था। चूंकि स्थानीय स्तर पर निर्मित विभिन्न उत्पादों की पर्याप्त मात्रा में बाजार में उपलब्धि रहती थी, अतः इन उत्पादों की कीमतें भी अपने आप ही नयंत्रित रहती थीं और इस प्रकार प्राचीन भारत में मुद्रा स्फीति के स्थान पर घटते हुए मूल्य के अर्थशास्त्र का वर्णन मिलता है। पूरे विश्व में, इस संदर्भ में, वर्तमान स्थिति भारतीय आर्थिक दर्शन के ठीक विपरीत दिखाई देती है जो किसी भी स्थिति में उचित नहीं कही जा सकती है। दरअसल, मुद्रा स्फीति का सबसे बुरा असर गरीब वर्ग पर पड़ता है और आज वैश्विक स्तर पर उत्पादन इकाईयां विभिन्न वस्तुओं की बाजार में आपूर्ति को विपरीत रूप नियंत्रित करती हैं ताकि इन उत्पादों की बाजार में कीमत बढ़ सके एवं इन उत्पादन इकाईयों के लाभ में वृद्धि दर्ज हो सके। पूंजीवाद पर आधारित अर्थव्यवस्था में उत्पादन इकाईयों का मुख्य उद्देश्य ही अधिकतम लाभ कमाना होता है और इस मूल्य वृद्धि से समाज के गरीब एवं मध्यम वर्ग पर कितना बोझ बढ़ रहा है, इससे उन्हें कोई मतलब नहीं रहता है।

प्राचीन भारत में मुद्रा स्फीति की समस्या इसलिए भी नहीं रहती थी क्योंकि प्राचीनकाल में भारतीय आर्थिक दर्शन के अनुसार प्रतिस्पर्धा के सिद्धांत का अनुपालन सुनिश्चित होता था। ग्रामीण क्षेत्रों में लगने वाले हाट बाजार में उत्पादों के विक्रेताओं के बीच में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा रहती थी। उत्पाद बेचने वाले स्थानीय विक्रेताओं की पर्याप्त संख्या रहती थी एवं साथ ही इनके बीच अपने अपने उत्पाद बेचने की प्रतिस्पर्धा रहती थी ताकि अपने अपने उत्पाद शीघ्र ही बेचकर वे अपने अपने ग्रामों में सूरज डूबने के पूर्व वापिस पहुंच सकें। इस प्रकार के कारणों के चलते कई बार तो विक्रेता अपने उत्पादों को सस्ते भाव में बेचना चाहता था अतः बाजार में उत्पादों के मूल्यों में कमी भी दिखाई देती थी। आज, वैश्विक स्तर पर निगमित क्षेत्र में कार्यरत कम्पनियों के बीच आपसी प्रतिस्पर्धा तो एक तरह से दिखाई ही नहीं देती है बल्कि वे आपस में मिलकर उत्पादक संघ (कार्टेल) का निर्माण कर लेती हैं और इन कम्पनियों द्वारा निर्मित उत्पादों के बाजार मूल्यों को अपने पक्ष में नियंत्रित किया जाता हैं ताकि वे इन उत्पादों के व्यापार से अपने लिए अधिकतम लाभ का अर्जन कर सकें। इस पूंजीवादी नीति से इन कम्पनियों की लाभप्रदता में तो वृद्धि होती है परंतु आम नागरिकों की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है। अतः उक्त पूंजीवादी आर्थिक नीति के चलते आम नागरिकों पर निर्मित होने वाले आर्थिक दबाव को कम करने की दृष्टि से विक्रेताओं द्वारा लाभ अर्जन के संदर्भ में भी भारतीय आर्थिक दर्शन के नियमों का अनुपालन किया जा सकता है।

भारतीय आर्थिक दर्शन के अनुसार, मूल्य सिद्धांत के अंतर्गत, विक्रेता द्वारा स्वयं के द्वारा निर्मित वस्तु की उत्पादन लागत पर 5 प्रतिशत की दर से लाभ जोड़कर उस वस्तु का विक्रय मूल्य तय किया जाना चाहिए एवं यदि उस वस्तु का निर्यात किसी अन्य देश को किया जा रहा है तो उस वस्तु के उत्पादन लागत पर 10 प्रतिशत की दर से लाभ जोड़कर उस वस्तु का विक्रय मूल्य तय किया जाना चाहिए। इस नीति के अनुपालन से प्राचीन भारत में विभिन्न उत्पादों के बाजार मूल्य लम्बे समय तक स्थिर रहते थे एवं इनके मूल्यों में वृद्धि लगभग नहीं के बराबर दिखाई देती थी। आज पूंजीवादी नीतियों के अंतर्गत विभिन्न उत्पादों के विक्रय मूल्यों पर किसी भी प्रकार का नियंत्रण नहीं है। विशेष रूप से दवाईयों के मूल्य के सम्बंध में नीति का उल्लेख यहां किया जा सकता है। केन्सर एवं दिल की बीमारी से सम्बंधित दवाईयों के बाजार मूल्य लाखों रुपयों में तय किए जाते हैं क्योंकि इन दवाईयों को बेचने का एकाधिकार पेटेंट कानून के अंतर्गत केवल इन दवाईयों का उत्पादन करने वाली कम्पनियों के पास रहता है। केवल लाभ कमाना ही इन कम्पनियों का मुख्य उद्देश्य है, जबकि सनातन हिंदू संस्कृति में किसी अस्वस्थ नागरिक को दवाई उपलब्ध कराने का कार्य सेवा कार्य की श्रेणी में रखा गया है। उक्त वर्णित दवाईयों की बाजार में उपलब्धता बढ़ाकर एवं इन दवाईयों के विक्रय मूल्य को नयंत्रित रखकर कई जीवन बचाए जा सकते हैं। परंतु, पूंजीवादी अर्थव्यवस्था के अंतर्गत तो लाभ कमाना ही मुख्य उद्देश्य है।

आज विश्व के कई देशों में बेरोजगारी की समस्या विकराल रूप धारण करती हुए दिखाई दे रही है एवं इन देशों के पास बेरोजगारी की समस्या को हल करने का कोई उपाय भी सूझ नहीं रहा है। भारत के प्राचीन ग्रंथो में बेरोजगारी की समस्या के संदर्भ के किसी प्रकार का जिक्र भी नहीं मिलता है। स्वयं के नियोजन के सिद्धांत का अनुपालन करते हुए उस समय पर विभिन्न परिवारों द्वारा स्थापित अपने उद्यमों को ही आगे आने वाली पीढ़ी आगे बढ़ाती जाती थी, इससे युवाओं में नौकरी करने का प्रचलन भी नहीं था। अपने पारम्परिक व्यवसाय में ही युवा पीढ़ी रत हो जाती थी अतः बेरोजगारी की समस्या भी बिलकुल नहीं पाई जाती थी। आज पूंजीवादी व्यवस्था के अंतर्गत कोरपोरेट जगत की स्थापना के चलते नागरिकों में नौकरी का भाव जागृत किया गया है। आज प्रत्येक युवा नौकरी की कतार में लगा हुआ दिखाई देता है, लगभग 30 वर्ष की आयु होते होते जब उसे उसकी चाहत के अनुसार नौकरी नहीं मिल पाती है तो वह अपने जीवन के लिए समझौता कर लेता है और किसी भी संस्थान में किसी भी प्रकार की नौकरी करने को मजबूर हो जाता है। कई इंजीनियर एवं पोस्ट ग्रेजूएट युवा, मजबूरी में आज विभिन्न उत्पादों की डिलीवरी करने एवं टेक्सी चलाने जैसे कार्यों को भी करते हुए दिखाई देते हैं। आज यदि अपने पुश्तैनी व्यवसाय को यह युवा आगे बढ़ा रहे होते तो सम्भवतः उनकी आमदनी भी अधिक होती और उक्त प्रकार के कार्य करने हेतु वे मजबूर भी नहीं होते।

भारत के प्राचीन ग्रंथों में शून्य ब्याज दर के सिद्धांत का भी वर्णन मिलता है। राज्यों के पास धन के भंडार भरे रहते थे एवं समाज में यदि किसी नागरिक को अपना व्यवसाय स्थापित करने के लिए धन की आवश्यकता रहती थी तो वह राजा से धन उधार लेकर अपना व्यवसाय स्थापित कर सकता था एवं राजा द्वारा नागरिकों को दी गई उधार की राशि पर किसी प्रकार का ब्याज नहीं लिया जाता था। क्योंकि, यह उस राज्य के राजा का कर्तव्य माना जाता था कि वह अपने राज्य के नागरिकों को उचित मात्रा में व्यवसाय करने के लिए धन उपलब्ध कराए। इस प्रकार, भारत के प्राचीन खंडकाल में ब्याज की दर भी शून्य रहा करती थी। इससे, स्थानीय नागरिक भी अपना व्यवसाय स्थापित करने की ओर प्रेरित होते थे एवं नौकरी करने का चलन नहीं के बराबर रहता था।

# भारत के लोगों में देश छोड़ने की बेचैनी

**अजीत द्विवेदी**

पहले कुछ आंकड़ों से ही बात शुरू करते हैं। ऑर्गेनाइजेशन फॉर इकोनॉमिक कोऑपरेशन एंड डेवलपमेंट यानी ओईसीडी की ओर से सोमवार, तीन नवंबर को इंटरनेशनल माइग्रेशन आउटलुक 2025 जारी किया गया। इसके मुताबिक 2023 में सवा दो लाख भारतीयों ने ओईसीडी समूह के देशों की नागरिकता हासिल की। इस अवधि में पूरी दुनिया से करीब 28 लाख लोगों ने ओईसीडी देशों की नागरिकता ली है, जिसमें अकेले भारत से सवा दो लाख लोग हैं।

भारत के बाद दूसरे स्थान पर फिलीपींस है, जिसके एक लाख 32 हजार लोगों ने 2023 में ओईसीडी देशों की नागरिकता हासिल की है। तीसरे स्थान पर चीन है, जिसके 96 हजार लोग इन देशों में बसे। भारतीय लोगों में ओईसीडी समूह के देशों की नागरिकता लेने का यह ट्रेंड ऐसा नहीं है कि एक साल का है। यह साल दर साल बढ़ता जा रहा है। 2022 में दो लाख 15 हजार के करीब लोगों ने ओईसीडी देशों की नागरिकता ली थी और उससे पहले 2021 में दो लाख सात हजार के करीब लोग इन देशों में जाकर बसे थे।

ओईसीडी समूह में कुल 38 देश हैं, जिनमें अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा जैसे देश शामिल हैं। इसमें उत्तरी अमेरिकी देशों के अलावा ज्यादातर यूरोपीय देश हैं। इन देशों की विशेषता यह है कि ये आर्थिक रूप से विकसित तो हैं ही साथ ही इन देशों में मानव जीवन के अनुकूल सबसे बेहतर स्थितियां हैं। हवा और पानी स्वच्छ है। खाने पीने की चीजें प्रदूषित नहीं हैं। कानून व्यवस्था की स्थिति बहुत बेहतर है। स्वास्थ्य व शिक्षा की विश्व स्तरीय व्यवस्था है और मानवाधिकारों के प्रति सजग दृष्टि है। तभी दुनिया भर के लोग इन देशों में बसना चाहते हैं। यह अलग बात है कि इन देशों के नागरिकों में बाहरी लोगों के प्रति नाराजगी



बढ़ने लगी है और वे खुल कर विरोध करने लगे हैं। बहरहाल, भारत की नागरिकता छोड़ने वालों में सबसे ज्यादा 78 हजार से कुछ ज्यादा लोगों ने कनाडा में नागरिकता ली है, जबकि 52 हजार से कुछ ज्यादा लोग अमेरिका के नागरिक बने हैं। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और न्यूजीलैंड का नंबर है।

इन आंकड़ों के बीच एक बड़ा दिलचस्प ट्रेंड यह दिख रहा है कि 2014 में जब केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार बनी है और यह प्रचार शुरू हुआ है कि भारत विश्वगुरू बन रहा है और दुनिया में भारत का डंका बज रहा है उसके बाद लोगों के देश छोड़ने का चलन ज्यादा बढ़ा है। इसमें अचानक बहुत तेज बढ़ोतरी हुई है। भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने से एक साल पहले 2013 में सिर्फ 15,388 भारतीयों ने ओईसीडी समूह के देशों की नागरिकता ली थी। ध्यान रहे उस समय इन देशों की नागरिकता हासिल करना बहुत आसान था। इन देशों में नाममात्र के लिए भी भारत विरोध की भावना नहीं थी। इन देशों के नागरिक भारतीय लोगों का खुले दिल से स्वागत करते थे। फिर भी भारत की नागरिकता छोड़ कर इन देशों में जाने वालों की संख्या बहुत सीमित थी। अब इन देशों में खास कर शीर्ष चार देशों, कनाडा, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन में भारत विरोधी भावनाएं बहुत बढ़ गई हैं। इन देशों के कई शहरों में भारतीय नागरिकों के ऊपर हमले हुए हैं और देश छोड़ कर जाने को कहा गया है। आए दिन भारत के लोग घृणा और हिंसा का शिकार हो रहे हैं। इतना ही नहीं इन देशों ने नागरिकता के नियम भी सख्त कर दिए हैं। फिर भी भारत छोड़ कर इन देशों की नागरिकता लेने की होड़ मची है।

दिलचस्प बात यह है कि भारत से लोग किसी मानवीय संकट की वजह से इन देशों में नहीं जा रहे हैं। दुनिया के कई देशों खास कर मुस्लिम देशों से शरणार्थी मानवीय संकट के कारण इन देशों में जा रहे हैं। लेकिन भारत से जाने का ट्रेंड आउट ऑफ च्वाइस है। यानी लोग अपनी पसंद से इन देशों में जा रहे हैं। नागरिकता हासिल करने से पहले बड़ी संख्या में भारतीय लोग इन देशों में कामकाज के सिलसिले में जा रहे हैं। 2023 में करीब छह लाख भारतीय इन देशों में पेशेवर कारणों से गए। यह उससे पहले यानी 2022 के मुकाबले आठ फीसदी ज्यादा था। अगले दो साल यानी 2024 और 2025 के आंकड़े बाद में आएंगे। लेकिन जो ट्रेंड है उसके कमजोर होने के संकेत नहीं हैं, बल्कि तमाम विरोध और नफरत के बावजूद भारत के नागरिकों के इन देशों में जाने का सिलसिला तेज हुआ है।

सोचें, यह संख्या कानूनी रूप से इन देशों में जाकर नागरिकता लेने वालों की है या कानूनी रूप से वैध वीजा के साथ इन देशों में जाने वालों की है। इनके अलावा हजारों की संख्या में लोग हर साल अवैध रूप से इन देशों में घुसने का प्रयास करते हैं। यह भी हकीकत है कि भारत के लोग इन देशों में जाकर वहां की बुनियादी व्यवस्था में सकारात्मक योगदान दे रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक ओईसीडी समूह के देशों में भारतीय डॉक्टर और नर्स सबसे बड़ी संख्या में हैं। ब्रिटेन के कुल विदेशी डॉक्टरों में भारत के डॉक्टरों का हिस्सा 23 फीसदी है। इसी तरह अमेरिका में यह हिस्सा आठ फीसदी है।

अब सवाल है कि भारत में ऐसा क्या बदल गया, जिसकी वजह से इतनी बड़ी संख्या में लोग दूसरे विकसित, सभ्य और लोकतांत्रिक देशों में बस रहे हैं या बसने के लिए परेशान हैं? यह बात तो समझ में आती है कि इन देशों में हालात बहुत बेहतर हैं। पिछले दिनों एक जानकार ने बताया कि दुबई जाकर सेटल होने के पीछे एकमात्र कारण सुरक्षा की भावना थी। भारत में कोई भी व्यक्ति अपनी और अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर आश्वस्त नहीं हो सकता है। लेकिन दुबई में हर छोटे, बड़े अपराध से सुरक्षा है। सुरक्षा की यह भावना लोगों को ओईसीडी देशों में जाकर बसने के लिए निर्देशित करती है। इसके अलावा बेहतर अवसर की उपलब्धता, बच्चों के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य की सुविधा और बेहतर जीवन स्तर भी लोगों को निर्देशित करने वाली शक्ति है। लेकिन यह समझ में नहीं आता है कि भारत छोड़ने के लिए क्या चीज प्रेरित कर रही है? दूसरा सवाल यह है कि लोगों की चिंता अभी की है या भविष्य की चिंता में वे देश छोड़ रहे हैं?

ऐसा लग रहा है कि तात्कालिक कारणों से ज्यादा भविष्य की चिंता में लोग भारत छोड़ने को प्रेरित हो रहे हैं। सरकार की ओर से 2047 तक भारत को विकसित बना देने के वादे पर कम से कम उस वर्ग के लोगों में भरोसा नहीं है, जो पेशेवर योग्यता के दम से दुनिया के किसी देश में जाकर काम हासिल करने और बसने में सक्षम हैं या आर्थिक रूप से इतने सक्षम हैं किसी भी देश में जाकर बस सकते हैं। इसका अर्थ है कि देश की सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक स्थिरता को लेकर उनके मन में संदेह है। सरकार के विकास के दावों को लेकर भी उनके मन में भरोसा नहीं है। यही कारण है कि अर्थ और ज्ञान से संपन्न लोग देश छोड़ने की बेचैनी में हैं।

# मौसमी बीमारियों का दुश्मन है अंजीर



सर्दियों में कम होती इम्यूनिटी की वजह से शरीर बीमारियों का घर बन जाता है। ऐसे में अंजीर आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। यह आपको मौसमी बीमारियों से लड़ने में मदद करता है। इसके साथ अंजीर आपकी इम्यूनिटी को भी बढ़ाता है। अंजीर के गुणों को देखते हुए हेल्थ एक्सपर्ट्स इसे 'सेहत का खजाना' कहते हैं। अंजीर एक सुपरफूड की तरह काम करता है। इसमें मौजूद फाइबर आपको पेट से जुड़ी दिक्कतों से निजात देता है और पेट की सेहत पर सकारात्मक असर दिखाता है। हेल्थ एक्सपर्ट्स का मानना है कि सूखे हुए अंजीर को दूध में मिलाकर पीने से दूध और भी ज्यादा फायदेमंद हो जाता है। आइए जानते हैं कि अंजीर किस तरह से हमारी सेहत को फायदा पहुंचाता है।

### सूखे हुए अंजीर के फायदे (Benefits of eating Dry figs)

- सर्दियों में शारीरिक मेहनत कम होने की वजह से बॉडी का वेट तेजी से बढ़ने लगता है। ऐसे में रोज रात में दूध के साथ अंजीर का सेवन आपको कई फायदे देगा। यह एक लो कैलोरी फूड है जो वजन कम करने में मदद करता है और इससे सेवन से पेट भरा लगता है जिससे आप ओवर इटिंग से बच जाते हैं।
- अंजीर में मौजूद पोषक तत्व (विटामिन, पोटैशियम, मिनरल, कैल्शियम) बॉडी की इम्यूनिटी को बढ़ाने का काम करते हैं। इसके साथ यह सर्दियों में होने वाली मौसमी बीमारियों से भी बचाते हैं और आपको सेहतमंद रखते हैं।
- शरीर में अगर कैल्शियम या आयरन की कमी है तो अंजीर उसे दूर करने का काम करता है। अंजीर एनीमिया के मरीजों को लिए वरदान से कम नहीं है। अंजीर में मौजूद फैटी एसिड और विटामिन डायबिटीज के खतरे को कम करने का काम करता है। हेवी एक्सरसाइज करने वाले लोग भी अंजीर का सेवन कर सकते हैं।

# विंटर फैशन ट्रेंड्स: रहें हमेशा स्टाइल में

सर्दियों के मौसम में ठंड से बचना तो ज़रूरी है, लेकिन अगर यह बचाव स्टाइलिश तरीक़े से हो, तो अलग ही बात है। आपहमेशा हॉट और ट्रेंडी लगें, इसीलिए हम लाए हैं विंटर फैशन टिप्स, ताकि सर्द मौसम में भी आप लगें एकदम हॉट औरआपका स्टाइल एकदम कूल।





- बात इस सीज़न की करें, तो बोल्ड कलर्स और ज्योमैट्री प्रिंट्स इन रहेंगे।
- मैक्सी ड्रेस भी अलग स्टाइल में दिखेंगी। फ्लाई मैक्सी ड्रेस की जगह, कम फ्लेयर वाली मैक्सी ड्रेसेस जिसमें रफल्स भीहो सकते हैं और स्लीव्स में भी वो बड़े रफल्स नज़र आ सकते हैं, इस सीज़न में आपको हॉट लुक देने आ रही हैं। इन्हें आपबूट्स और ग्लव्स के साथ पेयर करें।
- ब्लैक एंड व्हाइट ज्योमैट्री टॉप्स भी हॉट ट्रेंड है।
- अपने लाउंज वेयर से स्ट्रेची पैंट्स या कलरफुल लैगिंग्स को कोट या ब्लेज़र के साथ पेयर करें। बेहतर होगा बोल्ड प्रिंटेडव कलरफुल पैंट्स ट्राई करें, बजाय ब्लैक या नेवी ब्लू जैसे ट्रेडिशनल कलर्स के।
- अगर आपको न्यूट्रल शेड्स ही पसंद हैं, तो उनके साथ कलरफुल एक्सेसरीज़ यूज़ करके कुछ कलर ऐड करें, जैसे- कलरफुल हैंडबैग या स्कार्फ या शूज़।
- अपने हाथों को प्रोटेक्ट करने के लिए एम्बेलिश्ड ग्लोव्स पहनें, जो आपको देंगे स्टाइलिश लुक।
- ओवरकोट हो या ट्रेंच कोट, कंप्लीट फर में बना हुआ लेयर आपको ट्रेंडी लुक देगा।
- क्रॉस बॉडी फर स्टोल्स इस ठंडे मौसम में आपको कोज़ी लुक देंगे।
- एंकल लेंथ के कोट्स आपको देंगे एकदम हॉट लुक। आप इन्हें हाई हील्स के साथ पेयर करें और पाएं एकदम सेक्सीलुक।
- वैसे तो विंटर होता ही है लेयरिंग का सीज़न, लेकिन आप स्वेटशर्ट या स्टाइलिश स्वेटर ड्रेसेस ट्राई करें। बॉडीकोन स्वेटरड्रेसेस आपको हॉट लुक देंगी। इन्हें आप थाई हाई बूट्स या हील्स के साथ पेयर करें।
- टर्टलनेक अंडर ड्रेस आपके विंटर स्टाइल को अलग लुक देगी। लेयरिंग की जगह आप अपनी ड्रेस को निटेड टर्टलनेक सेलेयरिंग करें।
- लेदर ट्रेंच कोट्स, जो शाइनी फिनिश वाले हों, आपको देंगे चिक लुक। यह एक तरह से एक्सेसरीज़ का काम भी करेंगे।
- पफ स्टाइल और ईवनिंग कोट्स भी विंटर फैशन को देंगे कूल लुक। शाइनी कोट्स, स्पार्कल स्कर्ट्स और ड्रेसेस इन होंगे।
- ट्रेडिशनल लुक से हटकर कुछ क्रिएटिव करें। मिक्स-मैच करें। अपने पैंट्स के साथ लॉन्ग शशर्ट को कोर्सेट या क्रॉप टॉपके साथ पेयर करें यानी शर्ट के ऊपर आप टॉप, टी-शर्ट या क्रॉप टॉप व कोर्सेट पहनें। लेकिन इसके लिए आपका स्टाइलसेंस बेहतर होगा ज़रूरी है, वरना आप फनी भी लग सकती हैं।
- वेल्वेट को अगर फैब्रिक ऑफ द सीज़न कहा जाए, तो भी ग़लत नहीं। आपके हॉट लुक को सॉफ्टनेस देने के लिए वेल्वेटका काफ़ी यूज़ किया जाएगा।
- हैंड बैग्स इस सीज़न में आपको देंगे रॉक स्टार-सा लुक, क्योंकि एक्स्ट्रा वाइड एम्बेलिश्ड स्ट्राइप्स उन पर नज़र आएगी।

▶▶ डेनिम जैकेट्स हमेशा से ही फेवरेट रहे हैं और वो कभी भी आउट ऑफ फैशन नहीं होते।
पिनस्ट्राइप सूटिंग्स आपको देंगी स्टाइलिश लुक।
▶▶ मेटल डिटेल्स वाले आउटफिट भी आउट नहीं होंगे।
▶▶ नेक स्कार्फ में इस सीज़न इंवेस्ट करें, क्योंकि ये टर्टलनेक की जगह आपको ज़्यादा कंफर्टेबल लगेगा। पसीना या चुभनजैसी समस्या नहीं होगी और आप स्टाइलिश भी लगेंगी। बड़े, थिक नेक स्कार्फ ज़रूर लें और ट्राई करें।
▶▶ मिक्स प्रिंट्स और कलर्स हॉट होंगे। अब ये सोचना नहीं पड़ेगा कि किस कलर के साथ क्या पहनें, बस जो अच्छा लगे उसेदूसरे कलर के साथ पेयर करें, जैसे- यलो और रेड, ऑरेंज और ब्लू। कुछ डिफरेंट ट्राई करने के लिए कलर्स बोल्ड रखें।

# घर की छत पर भूलकर भी नहीं रखनी चाहिए ये 7 चीजें

घर के हर एक कोने का वास्तु सही होना चाहिए। मुख्य द्वार से लेकर किचन और बेडरूम के वास्तु को लेकर कई सारे नियम हैं। वहीं घर की छत का स्पेस भी काफी मायने रखता है। ओपन स्पेस में होने की वजह से इस एरिया की एनर्जी और भी ज्यादा प्रभावित होती है। वास्तु शास्त्र में घर की छत को लेकर कई नियम बताए गए हैं। घर की छत कैसी होनी चाहिए से लेकर यहां क्या-क्या होना चाहिए जैसे कई नियमों का जिक्र शास्त्र में है। कई लोग ये समझकर छत पर बहुत सारी चीजों को रख देते हैं कि इससे घर की शोभा नहीं बिगड़ेगी और काम भी बन जाएगा। इस चक्कर में लोग छत पर कुछ भी रख देते हैं। आज जानेंगे उन 7 चीजों के बारे में जो हमें छत पर भूलकर भी नहीं रखना चाहिए।

### बांस :

ध्यान रखें कि घर की छत पर जो भी रखा जाए उसके बारे में आपको ठीक से पता हो। घर की छत पर कभी भी बांस या इससे बनी कोई चीज नहीं रखनी चाहिए। अगर बांस को घर की छत पर रखा जाए तो इससे घर का वास्तु बिगड़ता है। साथ ही घर की खुशियों को भी नजर लग जाती है। ऐसे में ऐसी चीजों को हमेशा स्टोर रूम में रखना चाहिए।



### कबाड़ :

अगर आप घर की छत पर कबाड़ का सामान रखते हैं तो आपको ऐसा नहीं करना चाहिए। शास्त्र के हिसाब से जिस घर की छत पर कबाड़ का सामान होता है, वहां पर दरिद्रता आसानी से आती है। ऐसे में घर में इस जगह पर कबाड़ तो भूलकर भी नहीं रखना चाहिए।



### झाड़ू :

घर की छत पर कभी भी झाड़ू नहीं रखनी चाहिए। झाड़ू को मां लक्ष्मी का ही स्वरूप बताया गया है। ऐसे में झाड़ू को छत पर रखने से घर के सदस्यों की आर्थिक स्थिति पर गहरा असर पड़ता है। वहीं इसका सुख समृद्धि पर भी गहरा असर पड़ता है।



### कांटेदार पौधे :

लोग घर की छत पर पेड़-पौधे लगाते हैं ताकि नेचर के करीब भी रहा जा सके और जगह भी खूबसूरत हो जाए। छत पर पौधे लगाए जा सकते हैं, लेकिन ध्यान रखें कि यहां पर कोई भी पौधा कांटेदार ना हो। अगर छत पर ऐसा पौधा रखा जाए तो जीवन के हर क्षेत्र में बाधा आनी शुरू हो जाती है।



### रस्सी :

घर की छत पर रस्सी को इकट्ठा करके ना रखें। इसका इस्तेमाल चाहे तो आप कर लें लेकिन इसे इकट्ठा

### जंग लगा हुआ लोहा :

आम तौर पर लोगों के घरों की छत पर एक चीज देखना कॉमन है। कई लोग अपने घर की छत पर ऐसा लोहा जरूर रख देते हैं जिसमें जंग लगा हो। अगर आप भी अपनी छत पर ये रख चुके हैं तो सावधान हो जाएं। जो लोग ऐसा करते हैं, उनका शनि खराब हो सकता है और ऐसे में पैसों से जुड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

# एक प्याली चाय दिलाएगी मोटापे से छुटकारा

## घटती चर्बी के साथ गायब हो जाएगी कई बीमारियां

शरीर का बढ़ता मोटापा आजकल एक आम समस्या बनकर लोगों के सामने आया है। इसकी वजह से कई दूसरी बीमारियां भी शरीर को अपने कब्जे में लेती हैं। बढ़ते मोटापे की वजह से डायबिटीज, अपच और ब्लड प्रेशर जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ता है इसलिए वक्त रहते ही हमें शरीर के बढ़ते फैट को कंट्रोल करने की कोशिश करनी चाहिए। वरना ये भविष्य में जानलेवा भी साबित हो सकता है क्योंकि बढ़ते मोटापे के साथ इंसान को हार्ट अटैक का खतरा ज्यादा बना रहता है।



**सौंफ, अजवाइन और जीरा की चाय**

1. किचन में रखे मसाले शरीर का वजन कम करने का काम करते हैं। सौंफ, अजवाइन और जीरा की चाय पीने से शरीर का फैट तेजी से कम होता है। इसे सुबह खाली पेट पीने से शरीर के टॉक्सिन्स खत्म हो जाते हैं।
2. सौंफ और जीरा में विटामिन, प्रोटीन और फाइबर भरपूर मात्रा में पाया जाता है जो पेट से जुड़ी दिक्कत से छुटकारा देता है। इसके साथ यह कब्ज से भी राहत देता है। इसे पीने से शरीर का मेटाबॉलिज्म ठीक रहता है और अपच की दिक्कत दूर हो जाती है।
3. सौंफ, अजवाइन और जीरा की चाय ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर बनाने का काम करती है। इससे शरीर के डैमेज सेल्स की मरम्मत हो जाती है और नए सेल्स को बनाने में मदद मिलती है।
4. सौंफ, अजवाइन और जीरा की चाय बनाने के लिए रातभर के लिए सौंफ, अजवाइन और जीरा भिगोकर रख दें फिर सुबह इसे पानी के साथ उबाल कर इसके पानी का सेवन करें। ऐसा करने से शरीर को कई फायदे मिलेंगे।

## सोयाबड़ी-सब्जियों वाला स्पंजी सॉफ्ट पैनकेक



**सामग्रीः** सोयाबड़ी - Soya Vadi - 1/2 कप, भिगोए हुए, चावल - Rice - 3/4 कप (150 ग्राम), भिगोए हुए, दही - Curd - 1/2 कप, हरी मिर्च - Green Chilli - 2, अदरक - Ginger - 1 इंच, कटे हुए, शिमला मिर्च - Capsicum - 1/2 कप, बारीक कटे हुए, गाजर - Carrot - 1/2 कप, ग्रेटेड, टमाटर - Tomato - 1, बारीक कटा हुआ, नमक - Salt - 1 छोटी चम्मच, जीरा - Cumin Seeds - 1/2 छोटी चम्मच, हरा धनिया - Coriander Leaves - 1-2 बड़े चम्मच, बेकिंग सोडा - Baking Soda - 1/4 छोटी चम्मच से कम

**विधी** : 1/2 कप सोयाबड़ी और 3/4 कप चावल को अलग-अलग 2 घंटे पानी में भिगो कर रखिये। फिर सोयाबड़ी को निचोड़ कर मिक्सर जार में डाल कर हल्का दरदरा पीसिये। इन्हें प्लेट में निकाल कर मिक्सर जार में पानी हटा कर भीगे हुए चावल, 1/2 कप दही, 2 हरी मिर्च और 1 इंच अदरक डालिये। इन्हें एकदम बारीक पीस लीजिये।

बाउल में चावल का पेस्ट, पिसे हुए सोयाबड़ी, 1/2 कप बारीक कटी हुई शिमलामिर्च, 1/2 कप ग्रेटेड गाजर, 1 बारीक कटा हुआ टमाटर, 1 छोटी चम्मच नमक, 1/2 छोटी चम्मच जीरा और 1-2 बड़े चम्मच बारीक कटा हुआ हरा धनिया डालिये। इन्हें अच्छे से मिलाएं, जरूरत पड़े तो 1 बड़े चम्मच पानी डाल कर मिला दीजिये।

बैटर के अच्छे से मिल जाने पर इसमें 1/4 छोटी चम्मच से थोड़ा कम बेकिंग सोडा डाल कर मिला दीजिये। इस तरह पैनकेक के लिये बैटर बनकर तैयार हो जाएगा।

# घर बैठे पाएं पार्लर वाली Glowing Skin

## इस सब्जी से चंद मिनटों में चमक उठेगा चेहरा



सर्दियों के मौसम में ज्यादातर लोगों के चेहरे का निखार गायब हो जाता है। इस मौसम में कई बार स्किन डैमेज का खतरा भी बना रहता है। चेहरे को अच्छा दिखाने के लिए लोग हजारों रुपये पार्लर में खर्च कर देते हैं लेकिन फिर भी कोई परमानेंट सॉल्यूशन नहीं मिलता है। यहां बताई जा रही एक स जी के इस्तेमाल से घर बैठे चंद मिनटों में आपके स्किन का निखार वापस आ जाएगा। आलू सिर्फ स जी बनाने के काम में नहीं स्किन को खूबसूरत बनाने के लिए भी इसका इस्तेमाल किया जाता है। इसके जूस से शरीर को कई फायदे मिलते हैं।

### ऐसे करें आलू का इस्तेमाल

▶▶ आलू का फेस पैक चेहरे पर निखार लेकर आता है। आलू के स्लाइस को पीसकर दही के साथ मिलाएं, उसके बाद उसे स्किन पर लगाएं। ऐसा करने से स्किन का निखार लौट आएगा। इसे ज्यादा असरदार बनाने के लिए आप इसमें एक चुटकी हल्दी भी मिला सकते हैं।

▶▶ आधा आलू और दो चम्मच चावल को पीसकर मिक्स कर लें, उसके बाद उसे चेहरे पर लगाएं। चेहरे पर लगाकर उसे 10 से 15 मिनट के लिए छोड़ दें। ऐसा करने से चेहरे का निखार लौट आएगा और स्किन चमकने लगेगी।

▶▶ आलू और एलोवेरा जेल स्किन के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। आपको आलू पीसकर उसमें एलोवेरा जेल मिक्स करना है। इसके बाद उसे फेस पैक की तरह इस्तेमाल करना है। इससे चेहरे के मुहांसे दूर हो जाएंगे। इन तरीकों के इस्तेमाल से स्किन पर किसी तरह का साइड इफेक्ट नहीं होगा और पार्लर के आपको हजारों रुपये भी बच जाएंगे।

# सर्दियों में गर्म पानी के फायदे



- गुनगुना पानी पीने से शरीर का मेटाबॉलिज्म ठीक रहता है। इसके साथ ही शरीर में जमा एक्स्ट्रा फैट भी तेजी से पिघलने लगता है। गर्म पानी पीने से वेट लॉस तेजी से होता है। गर्म पानी किडनी के कार्य करने की क्षमता को बढ़ा देता है। यह कब्ज से भी छुटकारा देता है।
- अगर आप रोज गर्म पानी पीते हैं तो यह आपके स्किन के रूखेपन को खत्म करके स्किन को चमकदार बनाता है और आपकी ढलती हुई स्किन को फिर से जवां दिखने लगती है। यह शरीर की टूटी-फूटी कोशिकाओं की मरम्मत में मदद करता है। गर्म पानी पेट में गैस से राहत देता है।
- अगर आप रोज गुनगुने पानी से नहाते हैं तो शरीर का ब्लड सर्कुलेशन को ठीक रहता है और बॉडी का हार्मोनल बैलेंस मेंटेन रहता है। इसके साथ गर्म पानी से नहाने से मन को शांत करता है और तनाव दूर हो जाता है। हेल्थ एक्सपर्ट्स मानते हैं कि गर्म पानी बालों की ग्रोथ के लिए अच्छा होता है और बालों में शाइनिंग लाता है।

# क्या होती है ब्यूटी हाइजीन, कैसे करें मेंटेन?



जी हां, इस तरह के हुस्न की ख्वाहिश भला कौन नहीं करता लेकिन सिर्फ़ ख्वाहिश करने से क्या होता है, थोड़ी मेहनत भीकरनी तो ज़रूरी है ख़ूबसूरती की पहली शर्त ही होती है हाइजीन। अब आप सोचेंगे कि बहला ब्यूटी में ये हाइजीन कीबात कहां से आ गई। चाहे स्किन हो, हेयर हो, लिप्स हों या आंखें अगर हाइजीन का ख़याल ना रखा जाए तो इन सबकीब्यूटी बरक़रार नहीं रहेगी। अगर ब्यूटी हाइजीन का ख़याल ना रखा जाए तो कभी स्किन इंफ़ेक्शन, कभी आंखों में समस्या, कभी बालों का झड़ना, इंचिंग या नाख़ून या होंठों की समस्या हो सकती है। यही नहीं आपको इसकी वजह से अंदरूनी समस्या व बीमारी भी जो सकती है, जैसे पेट की परेशानी या किसी तरह काअन्य कोई इंफ़ेक्शन हो सकता है। शरीर बीमार पड़ेगा तो आपकी ब्यूटी कैसी हेल्दी रहेगी भला। आइए जानते हैं क्या होती है ब्यूटी हाइजीन और कैसे बनाए रखें इसे।

ब्यूटी हाइजीन का अर्थ है अपनी त्वचा, बाल, आंखें, नाखून या ब्यूटी से जुड़ा कोई भी भाग उसे साफ़ सुथरा और इंफ़ेक्शनरहित रखना। साथ ही साथ ब्यूटी प्रोडक्ट्स और मेकअप टूल्स को भी क्लीन और हाइजीनिक रखना।

**कैसे बनाए रखें ब्यूटी हाइजीन?**

अपनी स्किन के सीधे संपर्क में आने वाली चीज़ों को क्लीन और डिसइंफ़ेक्ट करें।

बार बार हाथों से चेहरे को ना छुएं।

हाथों को नियमित रूप से सोप से क्लीन करते रहें।

फेस नैपकिन को रियूज़ करने से बचें। बेहतर होगा उन्हें क्लीन करके ही इस्तेमाल में लाएं।

पिंपल्स को ना तो बार बार छुएं और ना ही उन्हें नोचें या फोड़ें।

अपने नाख़ूनों को भी क्लीन रखें क्योंकि उनमें काफ़ी कीटाणु पनप सकते हैं। बेहतर होगा नाख़ून छोटे रखें, लम्बेनाख़ूनों में मैल और गंदगी जमा होने के चांसेज़ हैं, जिनसे इंफ़ेक्शन होने का ख़तरा बना रहता है। अगर नाख़ून लंबेरखने हों तो उन्हें पूरी तरह साफ़ राखें।

बालों में बहुत ज़्यादा स्टाइलिंग प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करने से बचें। बालों में पसीना हो तो उन्हें सुखा लें और लूज़बांधें।

पसीने से ना सिर्फ़ बालों में बदबू हो जाती है बल्कि स्काल्प में इंफ़ेक्शन और रूसी जैसी समस्याएँ भी हो जाती हैं।

बालों की हेल्थ के लिए स्काल्प का हेल्दी और हाइजीनिक होना बेहद ज़रूरी है।

**अपना मेकअप किसी से भी शेयर करने से बचें।**

बेहतर होगा लिपस्टिक हमेशा ब्रश से ही अप्लाई करें, ज़्यादातर लोग उँगली या फिर सीधे लिपस्टिक को ही लिप्सपर लगाते हैं लेकिन इससे बैक्टीरियाज़ के पनपने का ख़तरा अधिक होता है।

लिप ब्रश से लेकर तमाम मेकअप टूल्स को नियमित रूप से क्लीन और डिसइंफ़ेक्ट करें।

काजल से लेकर आईलाइनर तक शेयर ना करें।

## इंडसइंड बैंक ने दृष्टिबाधित क्रिकेट के माध्यम से समावेशन को बढ़ावा दिया - भारत की महिला टी20 विश्व कप टीम का समर्थन किया




**मुंबई :** भारतीय खेलों के लिए एक ऐतिहासिक क्षण में, भारतीय महिला दृष्टिबाधित क्रिकेट टीम दुनिया के पहले दृष्टिबाधित महिला टी-20 विश्व कप में भाग लेने के लिए तैयार है, जिसकी मेजबानी भारत और श्रीलंका 11-23 नवंबर, 2025 तक करेंगे। इंडसइंड बैंक, क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया (सीएबीआई) के सहयोग से, जो दिव्यांगजनों के लिए समर्थनम ट्रस्ट की क्रिकेट शाखा और पहल है, अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के माध्यम से भारतीय टीम का समर्थन करके इस ऐतिहासिक आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर गर्व महसूस करता है। यह सहयोग बैंक की विविधता, समावेशिता और खेल की परिवर्तनकारी शक्ति के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस टूर्नामेंट में सात देश - ऑस्ट्रेलिया, भारत, नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका और अमेरिका - भाग लेंगे, जिनके मैच नई दिल्ली, बेंगलुरु और कोलंबो में आयोजित किए जाएंगे। बैंक के साथ इस सहयोग के बारे में इंडसइंड बैंक के कॉर्पोरेट, वाणिज्यिक एवं ग्रामीण बैंकिंग प्रमुख, श्री संजीव आनंद ने कहा, हमें भारतीय महिला दृष्टिबाधित क्रिकेट टीम का समर्थन करते हुए गर्व हो रहा है क्योंकि वे दुनिया की पहली दृष्टिबाधित टी20 विश्व कप चैंपियनशिप की तैयारी कर रही हैं। इंडसइंड बैंक में, समावेशिता हमारे संगठनात्मक सिद्धांतों के केंद्र में है, और सीएबीआई के साथ हमारी दीर्घकालिक साझेदारी समान अवसर प्रदान करने और बाधाओं से परे प्रतिभाओं को सम्मानित करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। ये एथलीट अपनी दृढ़ता और दृढ़ संकल्प से हमें प्रेरित करते हैं, और वैश्विक मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए उनके साथ खड़े होना हमारे लिए सम्मान की बात है। साझेदारी पर सीएबीआई के अध्यक्ष डॉ. महंतेश जी. किवादासन्नवर ने कहा, यह सीएबीआई और हमारे पूरे देश के लिए सचमुच गर्व का क्षण है। हमारी महिला टीम ने इस मुकाम तक पहुँचने के अपने सफ़र में साहस, दृढ़ता और उत्कृष्टता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का उदाहरण प्रस्तुत किया है। उनकी उपलब्धियाँ भारत में दृष्टिबाधित क्रिकेट की बढ़ती ताकत और समावेशिता को दर्शाती हैं। हम इंडसइंड बैंक के प्रति उनकी स्थायी साझेदारी और दृष्टिबाधित एथलीटों को सशक्त बनाने के हमारे मिशन में उनके निरंतर विश्वास के लिए तहे दिल से आभारी हैं। उनके अमूल्य सहयोग ने इन उल्लेखनीय महिलाओं को अपने सपनों को साकार करने और खेल के माध्यम से देश का नाम रोशन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट लिमिटेड ने 26 आंगनवाड़ी केन्द्रों का नवीनीकरण कर बच्चों के लिये बेहतर सुविधाएं मुहैया कराई

**धार ( मध्य प्रदेश ):** एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट लिमिटेड ने ऐक्शन अगेंस्ट हंगर फाउंडेशन इंडिया के सहयोग से मध्य प्रदेश के धार और छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिलों में 26 आंगनवाड़ी केंद्रों का नवीनीकरण किया। इन केंद्रों का उद्देश्य ग्रामीण इलाक़ों में बच्चों और माताओं के लिए सुरक्षित, शिक्षाप्रद और पोषण संबंधी सुविधाओं को मज़बूत करना है। इन दोनों जिलों में कुल 1,078 बच्चों को बेहतर सुविधाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर का लाभ मिल रहा है। इन 26 आंगनवाड़ी केन्द्रों के नवीनीकरण के बाद 3-5 साल की उम्र के बच्चों की उपस्थिति में बढ़ोतरी देखी गई है। धार में यह 51त्न से बढ़कर 84त्न और गरियाबंद में 51त्न से 77त्न हो गई। इसमें बच्चों के लिए अर्ली चाइल्डहूड डेवलपमेंट (ईसीडी) और एंथ्रोपोमेट्रिक किट्स की अहम भूमिका रही है। इस उल्लेखनीय वृद्धि से यह पता चलता है कि समुदाय का भरोसा बढ़ा है और बच्चे प्रारंभिक शिक्षा व विकास निगरानी कार्यक्रमों में अधिक भाग लेने लगे हैं। उन्नत सुविधाओं और इंटरैक्टिव लर्निंग सामग्री की उपलब्धता ने इन केंद्रों को बच्चों के लिए और अधिक अनुकूल और नियमित उपस्थिति के लिए सुविधाजनक बना दिया है। धार में उद्घाटन समारोह में टीर्ला ब्लॉक के सीडीपीओ श्री एस. एन. मकवाना, एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट लिमिटेड के अधिकारी — श्री रजत ग्रोवर (चीफ ह्यूमन रिसोर्सेज ऑफिसर), श्री रविंद्र जैन (रीजनल हेड), श्री निशांत बंगेड़ा (लीड ङ्क सीएसआर), श्री विनय अय्यर (सीईओ, एक्शन अगेंस्ट हंगर फाउंडेशन इंडिया), और श्री संदीप देवाल (प्रोजेक्ट मैनेजर) — के साथ-साथ आंगनवाड़ी सेविकाएं और बच्चे भी उपस्थित थे।

## एचडीएफसी इर्गो ने रबी सीजन में छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना लागू की

**रायपुर।** भारत में निजी क्षेत्र की अग्रणी सामान्य बीमा कंपनी, एचडीएफसी इर्गो जनरल इंश्योरेंस को छत्तीसगढ़ सरकार ने रबी, 2025 सीजन के लिए बालोद, बलौदाबाजार, बलरामपुर, बिलासपुर, दंतेवाड़ा, दुर्ग, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, मुंगेली, रायपुर, सरगुजा और सुकमा जिलों में ऋणी और गैर-ऋणी किसानों के लिए प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) लागू करने के लिए अधिकृत किया है।

## ब्राजील में तेज हवाओं और भारी बारिश से तबाही

**ब्रासीलिया/ मनीला, एजेंसी।** ब्राजील के दक्षिणी राज्य पराना में शुक्रवार देर रात तेज हवाओं और भारी बारिश के साथ आए तूफान ने भारी तबाही मचाई। राज्य सरकार के अनुसार, इस हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई है। सबसे ज्यादा नुकसान रियो बोनिटो डो इगुआकू शहर में हुआ। यहां आधे से अधिक घरों की छतें उड़ गईं, कई इमारतें ढह गईं, सड़कें बंद हो गईं और बिजली की लाइनें टूट गईं। इस हादसे में अब तक 437 लोग घायल हुए हैं। वहीं, लगभग 1000 लोग बेघर हो गए। मौसम विभाग के अनुसार हवा की गति 180 से 250 किलोमीटर प्रति घंटा तक थी।

दूसरी ओर फिलीपींस में रविवार को फंग-वोंग सुपर टाइफून के कारण भारी बारिश, तेज हवाएं चलीं। इसके चलते फिलीपींस के पूर्वी और उत्तरी इलाकों से 1.5 लाख से ज्यादा लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया। यहां ऊंची समुद्री लहरों के लिए चेतावनी जारी कर दी गई है।

### फिलीपींस में तूफान से 300 उड़ानें रद्द

फिलीपींस के बड़े हिस्से में चेतावनी जारी कर दी गई हैं। जिनमें सिग्नल संख्या 5 (सबसे ऊंची चेतावनी है) दक्षिण-पूर्वी लूजोन में जारी की गई है। इसमें कैटनडुआनस और कैमरिन्स नॉर्टे और कैमरिन्स सुर के तटीय क्षेत्र शामिल हैं। वहीं, मेट्रो मनीला और आसपास के क्षेत्र सिग्नल संख्या 3 के अंदर हैं।

तूफान की रफ्तार 185 किमी प्रति घंटा से 230 किमी प्रति घंटा है। यह रात तक मध्य लुजोन के औरोरा प्रांत में दस्तक दे सकता है। यहां भारी बारिश, तेज हवाएं और समुद्री लहरों का खतरा है।

कई इलाकों में बिजली गुल हो चुकी है। 300 से ज्यादा उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। कुछ दिन पहले ही टाइफून कलमेगी ने फिलीपींस में 204 लोगों की जान ली थी और वियतनाम में 5 की मौत हुई थी। वहां मछली पकड़ने की नावें और कई लॉब्स्टर फार्म तबाह हो गए।

# एक कमरे के किराए के घर से बंगले में शिफ्ट होंगे ममदानी !

### मेयर बनते ही जीवन में आया बड़ा बदलाव

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।**
न्यूयॉर्क के नवनिर्वाचित मेयर जोहरान ममदानी अपनी पत्नी रामा दुवाजी के साथ एक कमरे के किराए के मकान में रहते हैं। इस मकान की स्थिति ऐसी है कि उसमें लीकेज के चलते कई बार पानी भर जाता है, लेकिन अब मेयर चुनाव में जीत के साथ ही ममदानी की जिंदगी में बड़ा बदलाव आया है और अब वे किराए के मकान से एक शानदार बंगले में शिफ्ट हो सकते हैं। यह शानदार बंगला न्यूयॉर्क मेयर का आधिकारिक आवास है, जो अपनी लग्जरी, शानदार वास्तुकला के लिए जाना जाता है।

### मेयर के बंगले में शिफ्ट होने पर क्या बोले ममदानी



न्यूयॉर्क रेडियो के साथ बातचीत में ममदानी ने संकेत दिए थे कि अब उन्हें एक कमरे का मकान छोटा पड़ता है। हालांकि अभी तक ममदानी ने तय नहीं किया है कि वे मेयर के बंगले में शिफ्ट करेंगे या नहीं। न्यूयॉर्क मेयर का आधिकारिक आवास जिसे ग्रेसी मेंशन के नाम से जाना जाता है, वह 11 हजार वर्ग फुट में फैला है, जिनमें खूबसूरत झूमर, शानदार दरवाजे और एक बड़ा सा बगीचा है, जिसमें सेब के पड़े लगे हैं। साथ ही सब्जियां उगाने के लिए भी एक अलग बगीचा है। एक हालिया इंटरव्यू में ममदानी ने कहा कि मुझे अभी नहीं पता कि मैं कहां रहूंगा, लेकिन मुझे इतना पता है कि मैं सिटी हॉल से काम करूंगा। हालिया घोषित मेयर चुनाव में जीते ममदानी

हाल ही में घोषित हुए न्यूयॉर्क मेयर के चुनाव नतीजों में 34 वर्षीय जोहरान ममदानी ने शानदार जीत दर्ज की। जोहरान ममदानी न्यूयॉर्क के पहले मुस्लिम और पहले भारतीय अमेरिकी मेयर हैं। जोहरान का जन्म युगांडा की राजधानी कंपाला में हुआ था। उनके माता-पिता भारतीय मूल के हैं। जोहरान की मां मीरा नायर एक मशहूर फिल्म निर्माता हैं, जिन्होंने मानसून वेडिंग, द नेमसेक और मिसिसिपी मसाला जैसी अंतरराष्ट्रीय फिल्मों का निर्देशन किया है। उनके पिता महमूद ममदानी कोलंबिया यूनिवर्सिटी में मानव विज्ञान के प्रोफेसर हैं। राजनीति में जोहरान का असली आगाज 2020 में हुआ, जब वो न्यूयॉर्क विधानसभा के लिए चुने गए। क्वींस के एस्टोरिया इलाके से विधायक बनने के बाद उन्होंने बसों में मुफ्त सफर करने की योजना लागू करवाई और इस्राइल की बस्तियों को समर्थन देने वाले संगठनों पर रोक लगाने का प्रस्ताव भी रखा। यहीं से ममदानी की लोकप्रियता बढ़ती गई।

# आसिम मुनीर की होगी चांदी

## सुप्रीम कोर्ट पर मंडरा रहा संकट

**इस्लामाबाद , एजेंसी।**
पाकिस्तान की संसद में 27वां संविधान संशोधन विधेयक पेश किया गया है। यह विधेयक पाक आर्मी चीफ आसिम मुनीर को अधिक ताकतवर बनाने के साथ-साथ सुप्रीम कोर्ट को कमजोर कर सकता है।

पाकिस्तान की संसद में पेश हुआ यह विधेयक बीते दिन से ही लगातार चर्चा में है। इसमें कई अहम प्रावधान मौजूद हैं, जिनके लागू होने के बाद पड़ोसी मुल्क में बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

27वें संविधान संशोधन विधेयक के जरिए पाक सरकार अनुच्छेद 243 में बदलाव करना चाहती है। यह अनुच्छेद फील्ड मार्शल के बारे में बात करता है। मगर, अब इसमें संशोधन करके एक और नया पद चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज जोड़ा जाएगा। वहीं, पाक आर्मी चीफ आसिम मुनीर को सीडीएफ के पद पर नियुक्त किया जाएगा।



डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, 27वां संविधान संशोधन विधेयक सुप्रीम कोर्ट की ताकत भी छीन सकता है। इस विधेयक के तहत पाकिस्तान में संघीय संविधान कोर्ट बनाने का प्रस्ताव रखा गया है। इसके पीछे पाक सरकार का तर्क है कि एफसीसी लंबित मामलों को जल्दी निपटाने और न्यायिक बोझ कम करने का काम करेगा। मगर, कई विशेषज्ञों के अनुसार, इससे सुप्रीम कोर्ट का अस्तित्व खतरे में आ सकता है। जजों के तबादले का अधिकार

पाकिस्तान के वरिष्ठ अधिवक्ता ने चेतावनी दी है कि अगर सुप्रीम कोर्ट की जगह एफसीसी बनाया गया, तो मुमकिन है कि पाकिस्तान सरकार चुनाव अधिनियम 2017 समेत कई बड़े कानूनों को बदल सकती है। इसे लागू करने के लिए संविधान में 1ए के नाम से नया अध्याय जोड़ना होगा। इससे सरकार को एफसीसी बनाने और हाईकोर्ट के जजों का ट्रांसफर करने का अधिकार मिल जाएगा। 2 सदस्यों ने किया बहिष्कार इस बिल को पास करने के लिए फारुख एच नाइक की अध्यक्षता में संसद का संयुक्त सत्र बुलाया गया है। जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-फजल के दो सदस्य कामरान मुर्तजा और आलिया कामरान ने इस बैठक का बहिष्कार कर दिया। हालांकि, कमेटी लगातार बिल के मुख्य प्रावधानों का विश्लेषण कर रही है। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं यह बिल जल्द ही अधिनियम में तब्दील हो सकता है।

### लापरवाही ने ले ली कई 4 जानें

## पुलिस से बचने भगाई कार, बार में घुसकर भीड़ को रौंदा




**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के फ्लोरिडा में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। दरअसल यहां एक युवक ने पुलिस से बचने के लिए कार दौड़ाई, लेकिन तेज गति के चलते वह कार पर नियंत्रण नहीं रख सका और कार बार में घुस गई। कार ने बार में बैठे लोगों को रौंद दिया, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हुए हैं। घटना फ्लोरिडा के टेम्पा शहर की है। यह शहर अपनी नाइट लाइफ और पर्यटन के लिए मशहूर है। टेम्पा पुलिस ने बताया कि पुलिस की एक पेट्रोल यूनिट ने देर रात करीब 12.40 बजे एक सेडान कार को खतरनाक तरीके से ड्राइविंग के लिए रोकने की कोशिश की, लेकिन कार सवार ने पुलिस को देखकर स्पीड और बढ़ा दी और वहां से भागने की कोशिश की। जब पुलिस ने कार का पीछा किया तो एक जगह कार सवार गाड़ी पर नियंत्रण नहीं रख सका और कार अनियंत्रित होकर एक भीड़भाड़ वाले बार में घुस गई। कार की टक्कर से चार लोगों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि संदिग्ध की पहचान 22 साल के सिलास सिंपसन के रूप में हुई है। आरोपी कार ड्राइवर घटना से पहले एक अन्य जगह स्ट्रीट रेसिंग करते हुए देखा गया था। जब दोबारा पुलिस ने उसे खतरनाक तरीके से कार चलाते देखा तो उसका पीछा किया। इसी हड़बड़ी में आरोपी कार पर नियंत्रण नहीं रख सका। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और एक ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे में 11 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से दो की हालत गंभीर है।

## रूस का केए-226 हेलिकॉप्टर जमीन से टकराया, 5 लोगों की मौत

*मास्को, एजेंसी। रूस के दागेस्तान राज्य में 7 नवंबर को एक रूसी केए-226 हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। इस हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई। हेलिकॉप्टर नियंत्रण से बाहर होने के कारण जमीन से टकरा गया। मरने वालों में एक ही इलेक्ट्रो मैकेनिकल प्लांट के 4 कर्मचारी शामिल हैं। कंपनी ने 8 नवंबर को यह जानकारी दी। हादसे का कारण अभी पता नहीं चला है। हेलिकॉप्टर दागेस्तान के अची-सू गांव के पास कैस्पियन सागर क्षेत्र में गिरा। रूसी सरकारी मीडिया ने पहले बताया था कि यह हेलिकॉप्टर पर्यटकों को ले जा रहा था। केईएमजेड एक रक्षा कंपनी है जो हवाई उपकरण बनाती है। मरने वालों में प्लांट के डिप्टी जनरल डायरेक्टर भी शामिल हैं। हेलिकॉप्टर का फ्लाइट मैकेनिक भी मारा गया। वहीं, दो लोग घायल हुए हैं। केईएमजेड पर अमेरिका ने प्रतिबंध लगाए हैं क्योंकि यह यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध में शामिल है।*

## ट्रंप का हंगरी को रूसी तेल प्रतिबंधों में राहत देने का विचार, ढील देने के दिए संकेत

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि वह हंगरी को रूसी तेल पर प्रतिबंधों से छूट देने पर विचार कर रहे हैं, ताकि इस स्थल-रुद्ध यूरोपीय राष्ट्र को ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करने में मदद मिल सके। हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन के साथ एक संयुक्त बैठक में बोलते हुए ट्रंप ने कहा कि अमेरिका पिछले महीने लगाए गए रूसी तेल प्रतिबंधों से छूट के ओर्बन के अनुरोध पर विचार कर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, हम इस पर विचार कर रहे हैं, क्योंकि उनके लिए अन्य क्षेत्रों से तेल और गैस प्राप्त करना बहुत मुश्किल है। उनके पास समुद्र का लाभ नहीं है।

### दक्षिण अफ्रीका में जी-20 शिखर सम्मेलन में कोई अमेरिकी अधिकारी भाग नहीं लेगा, बोले ट्रंप

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि इस महीने के अंत में दक्षिण अफ्रीका में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में कोई भी अमेरिकी सरकारी अधिकारी भाग नहीं लेगा, क्योंकि वहां मानवाधिकारों का हनन हो रहा है। जब तक देश में अफ्रीकी जातीय अल्पसंख्यक समूह के खिलाफ मानवाधिकारों का हनन जारी रहेगा, तब तक कोई भी अमेरिकी अधिकारी शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेगा।

## अमेरिका के ऐतिहासिक दौरे पर पहुंचे अहमद अल शरा, 1946 के बाद किसी सीरियाई राष्ट्रपति का पहला यूएस दौरा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।**
सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल शरा अमेरिका के दौरे पर पहुंचे हैं। यह दौरा बेहद ऐतिहासिक है क्योंकि साल 1946 के बाद पहली बार कोई सीरियाई राष्ट्रपति अमेरिका के आधिकारिक दौरे पर वॉशिंगटन पहुंचे हैं। सीरियाई राष्ट्रपति का अमेरिका दौरा ऐसे समय हो रहा है, जब अमेरिका ने सीरियाई राष्ट्रपति अहमद अल शरा का नाम आतंकवादी सूची से एक दिन पहले ही हटाया है।

सीरियाई राष्ट्रपति अहमद अल शरा वॉशिंगटन में सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करेंगे। इससे पहले जब मई में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सऊदी अरब का दौरा किया था, उस वक्त सऊदी अरब के रियाद शहर में भी ट्रंप की



अहमद अल शरा से मुलाकात हुई थी। सीरिया में अमेरिका के राजदूत टॉम बराक ने उम्मीद जताई कि अहमद अल शरा के इस अमेरिका दौरे पर सीरिया की सरकार, आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट के खिलाफ अमेरिका के नेतृत्व वाले गुट में शामिल होने के समझौते पर हस्ताक्षर कर सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिका, सीरियाई राजधानी दमिश्क के पास एक सैन्य अड्डा बनाने की योजना बना रहा है। इस सैन्य अड्डे का मकसद मानवीय सहायता के काम में समन्वय बताया जा रहा है। अमेरिका के विदेश विभाग ने पुष्टि की है कि अहमद अल शरा को आतंकवादी सूची से हटा दिया गया है क्योंकि शरा ने सीरिया में लापता अमेरिकियों का पता लगाने और बचे हुए रसायनिक हथियारों को खत्म करने की सहमति दी है। इससे पहले संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने भी अहमद अल शरा पर लगे प्रतिबंधों को हटा लिया था, जिसके बाद शरा ने सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा को भी संबोधित किया। ऐसा करने वाले भी शरा पहले सीरियाई राष्ट्रपति हैं। अहमद अल शरा के पूर्व के संगठन हयात तहरीर अल-शाम का खूंखार आतंकी संगठन अल-कायदा से जुड़ाव था।

# फिलीपींस में फंग-वोंग तूफान, 50 हजार परिवार सुरक्षित जगह भेजे गए


### सरकार ने किया आपातकाल घोषित

**मनीला, एजेंसी।**
फिलीपींस हाल के दिनों प्रकृति के दोहरे प्रकोप से जूझ रहा है। हाल ही में आए टाइफून कल्मेगी में 200 से ज्यादा लोगों की मौत के बाद अब देश पर सुपर टाइफून फंग-वोंग का खतरा मंडरा रहा है। यह इस साल का सबसे शक्तिशाली तूफान बताया जा रहा है, जो रविवार को देश के उत्तर-पूर्वी तटों से टकराने लगा है। मौसम विभाग के मुताबिक, फंग-वोंग की रफ्तार 185 किमी प्रति घंटा तक है, जबकि हवा के झोंके 230 किमी प्रति घंटा तक पहुंच रहे हैं। इसका प्रभाव 1,600 किलोमीटर के दायरे में फैल सकता है यानी यह दक्षिण-पूर्व एशिया के दो-तिहाई हिस्से को प्रभावित कर सकता है।

देशव्यापी आपात स्थिति घोषित

सरकार ने देशव्यापी आपात स्थिति घोषित कर दी है। राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने लोगों से अपील की है कि वे तुरंत सुरक्षित स्थानों पर चले जाएं। रक्षा मंत्री गिल्बर्टो टियोडोरो जूनियर ने चेतावनी दी कि यह तूफान देश के कई हिस्सों में तबाही मचा सकता है, जिसमें सेबू, औरोरा, इसाबेला और यहां तक कि राजधानी मनीला भी शामिल है।

उन्होंने कहा जब बारिश शुरू हो जाएगी या तूफान पूरी तरह आ जाएगा, तब लोगों को बचाना बेहद मुश्किल हो जाएगा। इसलिए अभी निकलना ही सबसे सुरक्षित विकल्प है। अब तक लगभग 50,000 परिवारों को बिकोल क्षेत्र से निकाला गया है, जहां समुद्र किनारे और ज्वालामुखी मायोन के पास भूस्खलन और मडफ्लो का खतरा बना हुआ है।



**6,600 यात्री और कर्मचारी बंदरगाहों पर फंसे:** इस बीच, कई इलाकों में बिजली कटौती, स्कूलों और सरकारी दफ्तरों की बंदी और उड़ानों की रद्दीकरण जैसी आपात स्थितियां घोषित की गई हैं। लगभग 6,600 यात्री और कर्मचारी बंदरगाहों पर फंसे हुए हैं क्योंकि कोस्ट गार्ड ने समुद्र में किसी भी जहाज के जाने पर रोक लगा दी है। फिलीपींस हर साल करीब 20 तूफानों की चपेट में आता है, साथ ही यहां अक्सर भूकंप और ज्वालामुखी विस्फोट भी होते रहते हैं।

# खबर-खास

## जिले में विद्यार्थियों के आधार एवं बायोमेट्रिक अपडेट का अभियान निरंतर जारी

**दुर्ग (समय दर्शन)।** कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह के निरंतर मॉनिटरिंग एवं मार्गदर्शन में जिले के स्कूलों में विद्यार्थियों के मैंडेटरी बायोमेट्रिक अपडेशन का कार्य तेजी से जारी है। इस अभियान के तहत स्कूलों में विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जहां विद्यार्थियों का बायोमेट्रिक एवं आधार संबंधी अद्यतन कार्य किया जा रहा है। अब तक जिले के विभिन्न स्कूलों में आयोजित शिविरों के माध्यम से 19745 विद्यार्थियों का बायोमेट्रिक अपडेशन, 3104 बच्चों का आधार अपडेशन तथा 18 विद्यार्थियों का नया आधार निर्माण किया जा चुका है।

## भटकती अवस्था में मिली विक्षिप्त महिला को सखी में संरक्षण एवं उपचार



**बेमेतरा (समय दर्शन)।** पेट्रोलिंग पुलिस बेमेतरा द्वारा 19.09.2025 को रात्रि 1:30 बजे एक भटकती हुई महिला को वीरे ढाबा के पास बेमेतरा से सखी में आपातकालीन आश्रय हेतु लाया गया।

काउंसलिंग के दौरान आवेदिका से बात-चीत करने पर उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने का पता चला। आश्रय के दौरान आवेदिका का प्राथमिक उपचार जिला अस्पताल बेमेतरा में कराया गया जहां पर जांच उपरांत डॉक्टर के द्वारा आवेदिका का मानसिक स्थिति ठीक नही होना बताया गया एवं उचित उपचार हेतु सेंदरी रेफर किया गया। तत्पश्चात आपातकालीन स्थिति होने के कारण सिटी कोतवाली बेमेतरा से सहायता लेकर सखी वन स्टॉप सेंटर बेमेतरा से केस वर्कर श्रीमती सरिता शर्मा सुरक्षा गार्ड श्रीमती योगेश्वरी राऊत एवं महिला आरक्षक श्रीमती रामबती नेताम के द्वारा दिनांक 21.09.2025 को आवेदिका को मानसिक उपचार हेतु जिला मानसिक रोगी चिकित्सालय सेंदरी बिलासपुर सुरक्षित छोड़ा गया।

काउंसलिंग के दौरान आवेदिका से बात-चीत करने पर उसकी मानसिक स्थिति ठीक नही होने का पता चला। आवेदिका का प्राथमिक उपचार जिला अस्पताल बेमेतरा में कराया गया जहां पर जांच उपरांत डॉक्टर के द्वारा आवेदिका का मानसिक स्थिति ठीक नहीं होना बताया गया एवं उचित उपचार हेतु सेंदरी रेफर किया गया। तत् पश्चात आवेदिका को पैरालीगल वकील श्रीमती रामेश्वरी साहू के द्वारा विधिक सहायता के माध्यम से श्रीमान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बेमेतरा के समक्ष प्रस्तुत कर रेफरल आदेश प्राप्ति के पश्चात महिला को उचित ईलाज हेतु सेंदरी मनोरोगी चिकित्सालय बिलासपुर सखी वन स्टॉप सेंटर बेमेतरा से केस वर्कर - श्रीमती सीमा यदु, सुरक्षा गार्ड एकता कुर्रे द्वारा सुरक्षित छोड़ा गया।

## कलेक्टर जनदर्शन में सुनी गई आम लोगों की समस्याएं

**बालोद (समय दर्शन)।** कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर श्री अजय किशोर लकरा एवं संयुक्त कलेक्टर श्रीमती मधुहर्ष ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में जिले के विभिन्न स्थानों से पहुँचे लोगों से मधुर एवं आत्मीय बातचीत कर उनकी मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर आवेदकों के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। जनदर्शन में आज ग्राम खलारी के सरपंच ने प्राथमिक शाला भवन की मरम्मत हेतु आवेदन प्रस्तुत किए। इसी तरह ग्राम पापरा निवासी सुनीता कुर्रे एवं अर्जुनी निवासी सपना चेलक ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम पंचायत चिचबोड़ के सरपंच ने गांव में सड़क मरम्मत कराने, ग्राम परसोदा के श्री शिवलाल ने आबादी भूमि का पट्टा दिलाने तथा ग्राम बेलमाण्ड के सरपंच ने शिक्षक व्यवस्था करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किए।

# तहसील साहू संघ बसना का चुनाव संपन्न






**बसना (समय दर्शन)।** छ ग प्रदेश प्रभारी डॉ.निरेंद्र साहू के निर्देशानुसार महासमुन्द जिलाध्यक्ष धरमदास साहू की अनुसंशा से09 नवंबर 2025 को तहसील साहु संघ बसना का ग्रामीण, परिक्षेत्रीय मंडल तथा तहसील स्तर का समाजिक चुनाव हर्षोल्लास एवं उमंग एवं समाजिक एकता का संदेश देते हुए तेलीय कुल देवी भक्त शिरोमणि कर्मा माता मंदिर परिसर बोहारपार भे में शांति पूर्ण संपन्न हुआ।

पांच परिक्षेत्र में से बंसुला परिक्षेत्रीय साहु समाज में क्रमश: अध्यक्ष उमेश साव, उपाध्यक्ष मोहन साव संघठन सचिव योगेश्वर साव महिला उपाध्यक्ष मोंगरा साव महिला संघठन सचिव मोहिनी साव , बड़ेसाजापाली परिक्षेत्र से क्रमश: अध्यक्ष अनिरुद्ध साहू मुकुंदा, उपाध्यक्ष रामकली साहू संघठन सचिव मायाराम साहू महिला उपाध्यक्ष देवती साहू महिला संघठन सचिव सुशीला साहू, परिक्षेत्र बरोली समाज में क्रमश: अध्यक्ष मीनू साव उपाध्यक्ष हेमचंद साव केवटापाली संघठन सचिव हेमचंद्र साव चोरभट्ठी महिला उपाध्यक्ष हेमलता साव महिला संघठन सचिव प्रेम बाई साव, परिक्षेत्र साकरा जोंक में क्रमश: अध्यक्ष कुंजराम साहू उपाध्यक्ष गोविन्द साहू संघठन सचिव मुरलीधर साहू महिला उपाध्यक्ष लिनिजुकता साव महिला संघठन सचिव लता साहू परिक्षेत्र भवरपुर बोहारपार साहु समाज में क्रमश: अजित साव उपाध्यक्ष स्वराज साव संघठन सचिव रेशमलाल साव महिला उपाध्यक्ष नंदिनी साव महिला संगठन सचिव पार्वती साव निर्वाचित हुईं।

समस्त ग्रामीण पदाधिकारी, परिक्षेत्रीय पदाधिकारी तथा आजीवन सदस्यों द्वारा मिलकर तहसील चुनाव में मतदान किया गया। जिसमें अध्यक्ष महेंद्र साव ,उपाध्यक्ष प्रकाश साहू, संघठन सचिव नन्दकुमार साहू , महिला तहसील उपाध्यक्ष नूतन साव तथा महिला तहसील संघठन सचिव पद पर केकती साहू विजयी हुईं।

निर्वाचन अधिकारी श्याम लाल साहू थे। निर्वाचन के बाद समस्त पदाधिकारीयों नें कर्मा माता की पूजा आरती कर मिठाईयाँ बाँटी।

## मध्यान्ह भोजन योजना में एलपीजी गैस के उपयोग को बढ़ावा देने हेतु कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित



**धमतरी (समय दर्शन)।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना (मध्यान्ह भोजन योजना) अंतर्गत विद्यालयों में ईंधन के रूप में एलपीजी गैस के उपयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आज कलेक्टर श्री अविनाश मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्टर सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल ने बताया कि जिले में मध्यान्ह भोजन योजना अंतर्गत कुल 1351 विद्यालयों में भोजन तैयार किया जा रहा है, जिनमें से वर्तमान में 193 विद्यालयों में स्वसहायता समूहों द्वारा एलपीजी गैस का उपयोग किया जा रहा है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने बैठक में उपस्थित सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र के सभी संचालनकर्ता महिला स्वसहायता समूहों को एलपीजी गैस के उपयोग से होने वाले लाभों की जानकारी दें।

कलेक्टर ने जिले की सभी गैस एजेंसियों को निर्देशित किया कि वे प्राथमिकता के आधार पर विद्यालयों को गैस कनेक्शन और रिफिलिंग की सुविधा तत्काल उपलब्ध कराएं, ताकि मध्यान्ह भोजन योजना का संचालन सुरक्षित और स्वच्छ तरीके से किया जा सके।

बैठक में जिला खाद्य अधिकारी श्री कोर्राम, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलावर चौधरी (धमतरी), चंद्रकुमार साहू (कुरूद), मनीष ध्रुव (मगरलोड), कलीराम साहू (नगरी) सहित जिले के सभी गैस एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे — जिनमें लक्ष्मी गैस एजेंसी धमतरी, लिमजा भारत गैस, सुनील भारत गैस आमदी, कात्यायनी भारत गैस भखारा, बिन्दा एचपी गैस कुरूद, एमजी एचपी गैस नगरी, मगरलोड इंडेन ग्रामीण वितरण, दीपक भारत गैस चिंवरी तथा प्रीतिशा इंडेन गैस एजेंसी धमतरी उपस्थित थे।

# कृषि महाविद्यालय बिलई में एनएसएस विशेष शिविर के पांचवें दिन साइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

### युवाओं व ग्रामीणों को बनाया गया डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक




**बेमेतरा (समय दर्शन)।** रेवेंद्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, बेमेतरा के तत्वावधान में संचालित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) विशेष शिविर के पाँचवें दिन साइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बेमेतरा पुलिस विभाग के सहयोग से आयोजित हुआ, जिसका उद्देश्य ग्रामीणों एवं युवाओं को डिजिटल युग में सुरक्षित इंटरनेट उपयोग एवं साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में एसडीओपी श्री विनय कुमार एवं डीएसपी श्री राजेश झा शामिल हुए। अतिथियों ने छात्रों एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के डिजिटल युग में साइबर अपराधों से बचाव हेतु सजगता और सतर्कता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनने तथा सोशल मीडिया पर सोच-समझकर व्यवहार करने का आग्रह किया। साइबर क्राइम शाखा के हेड कॉन्स्टेबल श्री लोकेश सिंह ने उपस्थित विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को ऑनलाइन ठगी, फेक कॉल, बैंकिंग फ्रॉड, सोशल मीडिया पर फर्जी पहचान, ओटीपी शेयरिंग और साइबर सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें, अनजान कॉल या संदेशों में व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें तथा मजबूत पासवर्ड का उपयोग अवश्य करें। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. यू.के. ध्रुव, डॉ. टी.डी. साहू, डॉ. साक्षी बजाज (एनएसएस प्रभारी), शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिलई के प्राचार्य, शिक्षक गण, ग्राम पंचायत बिलई के सरपंच, पंच एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

शिविर के दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों ने साइबर सुरक्षा विषय पर नारे, पोस्टर एवं लघु नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से जनजागरूकता का संदेश दिया।

# जिले में मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी

### कलेटर लंगेह के घर पहुंचे बीएलओ



**महासमुन्द (समय दर्शन)।** जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य जारी है। 4 नवम्बर से प्रारंभ इस अभियान में बीएलओ घर घर मतदाताओं तक पहुंचकर गणना प्रपत्र वितरित कर रहे हैं। इसी क्रम में बी एल ओ योजना यादव एवं सरपंच आज सुबह कलेक्टर विनय लंगेह के निवास पहुंचकर उन्हें गणना पत्र एवं घोषणा पत्र वितरित किए। इस दौरान टीम द्वारा आवश्यक जानकारी संकलित की गई। फार्म वितरण के दौरान ग्राम पंचायत मचेवा के सरपंच श्रीमती प्रमिला ध्रुव, उप सरपच जीतेंद्र साहू , किशोर ध्रुव , बी एल ओ योजना यादव, पंच शिव साहू मौजूद थे।

ज्ञातव्य है कि महासमुंद जिले में 8 लाख 86 हजार 422 पंजीकृत मतदाता हैं। चारों विधानसभा क्षेत्रों में बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्र और घोषणा प्रपत्र वितरित कर रहे हैं तथा आवश्यक दस्तावेज संकलित कर रहे हैं।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मतदान केंद्र स्तर पर कार्यों की सतत मॉनिटरिंग कर रहे हैं। ग्रामीण एवं शहरी दोनों ही क्षेत्रों में बीएलओ सक्रियता से कार्यरत हैं। कलेक्टर ने सभी पात्र नागरिकों से मतदाता सूची पुनरीक्षण में सक्रिय भागीदारी और सहयोग करने की अपील की है।

# स्काउट गाइड द्वितीय सोपान शिविर गौरव ग्राम कंडेल में



**धमतरी (समय दर्शन)।** भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ धमतरी का द्वितीय सोपान प्रशिक्षण एवं परीक्षण शिविर का जोन स्तरीय गौरव ग्राम कंडेल में दिनांक 10 नवंबर से 12 नवंबर तक विद्यालय में आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में स्काउट 62 गाइड गाइड 69 संचालक मंडल नौ प्रभारी शिक्षक दस व नौ स्कूलों के 131 स्काउट गाइड इस शिविर में सम्मिलित हुए हैं ।

सेजेस प्राचार्य राहुल नेताम, योगेश्वर साहू , स्थानीय संघ सचिव सोहनलाल साहू ,ऐ पी,सी एन के साहू ,जिला उपाध्यक्ष के आर साहू के मार्गदर्शन में मां भारती व बेडेन पावेल के तैल चित्र पर पूजन अर्चन कर प्रारंभ किया गया ।शिविर संचालक डॉ. श्रीमती मंजूषा साहू के मार्गदर्शन में ईश प्रार्थना ,झंडा गीत, ध्वज शिष्टाचार ,प्राथमिक उपचार, सिटी के संकेत, हाथ के इशारे, खोज के चिन्ह ,बाया हाथ मिलाना, सेल्यूट ,आदर्श वाक्य, बी पी सिक्स, नियम ,प्रतिज्ञा, आंदोलन का इतिहास प्रथम सोपान की गांठे आदि के बारे में विस्तार से बताया गया व प्रायोगिक रूप से समझाया जा रहा है। शिविरार्थियों को पेन, कॉपी, रस्सी, दोपहर का नाश्ता, निशुल्क दिया जा रहा है ।लगभग 20 टोली में विभाजित किया गया है व प्रत्येक टोली का नामकरण पशु पक्षी व फूलों के नाम पर रखा गया है ।सभी बच्चे स्काउट गाइड यूनिफॉर्म में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रशिक्षक मंडल में सहायक संचालक डॉ .गणेश प्रसाद साहू, वीरेंद्र सिन्हा ,चोवा लाल धीवर, खेमलाल साहू, कमलेश कंवर, कैलाश गिरी गोस्वामी ,श्रीमती डोलेश्वरी साहू, श्रीमती उमा ठाकुर, श्रीमती नीतू रानी गुप्ता, आदि प्रशिक्षक शिविर में अपना विशेष योगदान दे रहे हैं।

## अवैध महुआ शराब के खिलाफआबकारी विभाग की कार्यवाही, दो गिरतार एक आरोपी फरार

**सरायपाली (समय दर्शन)।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं जिला आबकारी अधिकारी द्वारा दिए गई निर्देश के तारतम्य में प्रभारी आबकारी उप निरीक्षक वृत सरायपाली मिर्ज़ा ज़फ़र बैग एवं हृदय कुमार त्रिपुडे संयुक्त टीम वृत सरायपाली वृत संकरा के दिनांक 11-11-25 को सरायपाली के ग्राम - बैतारी में गुरुदेव ताडी के कब्जे से 06.200बल्ब लीटर महुआ मदिरा एवं ग्राम-रिमजी में गणेश राम चौहान के कब्जे से 07.00 बल्ब लीटर महुआ मदिरा एवं महुआ लाहन 90 किलोग्राम बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार धारा 34(1)(क)(च),34(2), आबकारी अधिनियम के तहत के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया है, दिनांक 04/11/25 को ग्राम -पलसापाली थाना बलौदा में विजय खूंटे के रिहायशी मकान से 45 बल्ब लीटर हाथ भट्ठी कच्ची मदिरा एवं 300 किलोग्राम लाहन एवं एक होंडा शाइन मोटर सायकल बिना नम्बर की डिक्की से 10 बल्ब लीटर कुल मात्रा 55 बल्ब लीटर बरामद करने पर आरोपी मौके से फरार हो गया पीछा करने पर खेत के रास्ते से फरार हो गया फरार आरोपी के विरुद्ध 34(1)(क)(च),34(2), आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया, आबकारी वृत सरायपाली प्रभारी मिर्ज़ा ज़फ़र बैग आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त साकरा प्रभारी एच.के. त्रिपुडे आबकारी एवं आबकारी आरक्षक देवेश मांझी के द्वारा की गई।



## जिला मुयालय बालोद में आयोजित 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ समापन

**बालोद (समय दर्शन)।** जिला मुख्यालय बालोद में 08 से 11 नवंबर तक आयोजित चार दिवसीय 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025 का आज स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम बालोद में आयोजित समारोह में भव्य एवं रंगारंग समापन किया गया। जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग बालोद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस चार दिवसीय प्रतियोगिता के अंतर्गत बेहतरीन प्रदर्शन के फलस्वरूप बस्तर संभाग को प्रथम एवं दुर्ग संभाग को द्वितीय तथा रायपुर संभाग को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। समाराहे में मुख्य अतिथि के रूप में कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री भोजराज नाग उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर ने की। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के उपाध्यक्ष श्री यज्ञदत्त शर्मा, नगर पालिका परिषद बालोद की अध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा चैधरी, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य श्री यशवंत जैन, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्री राकेश यादव के अलावा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुनील चंद्रवंशी एवं डिप्टी कलेक्टर श्रीमती प्राची ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद श्री भोजराज नाग ने कहा कि खेल-कूद का जीवन में बड़ा महत्व होता है। खेलकूद से हमें अनुशासन, भाई-चारा, आपसी सद्भावना एवं एकता की भावन के साथ-साथ धैर्य एवं अनुशासन की भी सीख मिलती है।

## प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 13 को

**दुर्ग (समय दर्शन)।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र मालवीय नगर चौक दुर्ग में 13 नवंबर 2025 को प्रात: 10.30 बजे से प्लेसमेंट केम्प का आयोजन किया जाएगा। इस प्लेसमेंट कैम्प में चौहान इन्टरप्राइजेस दुर्ग, के 04 पद (अकाउन्टेंट के 2 पर, मार्केटिंग मैनेजर के 2 पद), स्क्वेयर बिजनेस सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के 100 पद (कस्टमर केसर एक्सक्यूटिव), इस प्रकार कुल 104 रिक्त पदों हेतु भर्ती प्रक्रिया की जायेगी। उक्त सभी पदों हेतु वेतन 12 हजार से 30 हजार रूपए तक है, तथा 12वी, बी.ई. बी.टेक., एवं कोई भी स्नातक शैक्षणिक योग्यताधारी आवेदार उक्त प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित हो सकतें है। विस्तृत जानकारी रोजगार कार्यालय के सूचना पटल के माध्यम से प्राप्त कर सकते है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग से मिली जानकारी अनुसार इच्छुक आवेदक समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण/अंकसूची, पहचान पत्र (मतदाता परिचय पत्र/आधार कार्ड/पेनकार्ड/ड्रायविंग लाइसेंस/राशन कार्ड), रोजगार कार्यालय का पंजीयनपत्रक, छ.ग. निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र समस्त दस्तावेजों की (छायाप्रति) के साथ प्लेसमेंट रोजगार मेला में उपस्थित हो सकते हैं।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बोडला जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

// ईश्तहार//

रा.प्र.क्र. 2025100801000/अ 2 वर्ष 2024-25, ग्राम-पोडी

एतद द्वारा सर्व साधारण ग्राम पोडी को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका के द्वारा काम्प्लेक्स निर्माण के लिए **व्यवसायिक प्रयोजन** हेतु अपने भूमि स्वामी हक के निजी कृषि भूमि को व्यवपर्तन किये जाने हेतु छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 आवेदन पत्र किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | आवेदक/आवेदिका का नाम | पिता/पति का | जाति | ग्राम का नाम | खसरा नं. | कुल रकबा | प.ह.नं |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | श्री स्वप्निल चंद्रवंशी मो.नं. | श्री मनोहर प्रसाद चंद्रवंशी | कुर्मी | पोडी | 149/29 | कुल रकबा 0.053 हे. लगान 0.रू. | 20 |

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे न्यायालय में पेशी दिनांक 03.11.2025 को प्रात: 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। उपरोक्त तिथि उपरांत प्राप्त दावा-आपत्ति पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14.10.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

जारी दिनांक -14.10.2025
पेशी दिनांक- 03.11.2025

(सामर सिह)
अनुविभागीय अधिकारी
(राजस्व) बोडला



**MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR**
**OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION**

**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal http://eproc.cgstate.gov.in**
**(2st Call)**

NIT No: 2569/PWD/ZONE-05/2025 RAIPUR DATED: 10.11.2025

Online bids are invited for the following works of works up to 26.11.2025 at 17:30 hours.

| Sr. No. | System Tender No. | Name of work/ Description of work | Probatble of contract (in Lakhs) | Remarks |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 179099 | पं. सुंदरलाल शर्मा वार्ड क्र. 41 अंतर्गत सामुदायिक भवन महाराष्ट्रीयन तेली समाज हेतु अश्वनी नगर रायपुर। (विधायक निधि) | 10.00 (Lacs) | 2nd Call |

The details can be viewed and downloaded online directly from the government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 11.11.2025, 10.30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above mentioned portal.

**NOTE:**
1. All eligible/ interested contractors are mandated to get enrolled on e- Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic. Procurement System. Help Desk at Toll Free No. 18004199140 or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in

घरो से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

**ZONE COMMISIONER**
**ZONE- 05**
**MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)**

# महासमुंद जिले में बड़ी तैयारी! कलेक्टर लंगेह की सख्त समीक्षा

### मतदाता पुनरीक्षण से लेकर धान खरीदी तक दिए कड़े निर्देश




**महासमुन्द( समय दर्शन )।** महासमुन्द कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में मुख्यमंत्री घोषणा, मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम, धान खरीदी की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा करते हुए कलेक्टर विनय लंगेह ने अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी, सभी विभाग के जिला अधिकारी जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ सहित वीसी के माध्यम से सभी ब्लॉक स्तरीय संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री लंगेह ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी बीएलओ गणना पत्रक के वितरण का कार्य सुनिश्चित करें। आगामी 2 दिनों में अधिकतम मतदाताओं तक गणना पत्रक पहुंच जाए। वर्तमान में लगभग 75 प्रतिशत मतदाताओं के पास गणना पत्रक का वितरण किया जा चुका है। उन्होंने सभी एआरओ एवं ईआरओ को भरे हुए गणना और घोषणा पत्रों के डिजिटाइजेशन के कार्य को भी करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि सर्वप्रथम गणना पत्र वितरित किया जाएँ। तत्पश्चात उसके कलेक्शन सुनिश्चित किया जाए। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एवं जारी समय सारणी के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी बीएलओ को प्रशिक्षण में बताए गए बिंदुओं के आधार पर निर्धारित समय 4 दिसम्बर तक घर-घर जाकर सत्यापन कार्य अंतर्गत पात्र मतदाताओं का गणना प्रपत्र में आवश्यक विवरण पूर्ण रूप से भरकर संकलन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पात्र मतदाताओं को शामिल करने तथा अपात्र मतदाता को हटाने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने सभी पात्र नागरिकों से मतदाता सूची पुनरीक्षण में सक्रिय भागीदारी और सहयोग करने की अपील की है।

बैठक में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि 15 नवंबर से धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से प्रारंभ हो जाएगा। इसके लिए सभी नोडल एवं प्रभारी अधिकारियों को कल सुबह 10 बजे ट्रायल रन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी नोडल अधिकारी आबंटित उपार्जन केन्द्रों में सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैय्या कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिले के सभी 16 चेक पोस्टों के माध्यम से ड्यूटीरत अधिकारियों को धान की आवक और अवैध परिवहन पर कड़ी निगरानी के निर्देश दिए है। आवश्यकता पड़ने पर नए और दूसरे स्थानों पर भी चेक पोस्ट खोलने कहा है।

## पाटन में भक्ति का सागर उमड़ा पंडित युवराज पांडे की कथा में श्रद्धालुओं का जनसैलाब




**पाटन ( समय दर्शन )।** नगर पंचायत पाटन के दसरहा मैदान में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के चौथे दिन भी श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रसिद्ध कथावाचक पंडित युवराज पांडे जी के मुखारविंद से चल रही यह कथा लोगों के हृदय को भक्ति भाव से सराबोर कर रही है। कथा स्थल पर इतनी अधिक भीड़ उमड़ रही है कि मुख्य पंडाल में जगह नहीं बची। श्रद्धालुओं की भारी संख्या को देखते हुए आयोजन समिति को अतिरिक्त पंडाल लगाने पड़े।

कथा सुनने के लिए महिलाएं विशेष उत्साह के साथ दूर-दूर के गांवों से पैदल पहुंच रही हैं। पूरा दसरहा मैदान भक्तिमय वातावरण से गूंज रहा है हर तरफ हरे कृषन जय श्रीराम और राधे राधे के जयघोष सुनाई दे रहे हैं। इस भव्य सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन नगर पंचायत पाटन के पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र कश्यप द्वारा अपनी धर्मपत्नी स्वर्गीय मीना कश्यप की पावन स्मृति में कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह आयोजन उनकी पत्नी की भक्ति भावना और समाज सेवा की स्मृति को समर्पित है।

चौथे दिन की कथा में पंडित युवराज पांडे जी ने भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की अलौकिक मित्रता का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि सच्ची मित्रता में धन-दौलत या पद का कोई महत्व नहीं होता, बल्कि प्रेम, त्याग और विश्वास ही उसका आधार होता है। कथा के दौरान उपस्थित जनसमूह भावविभोर हो गया और कई श्रद्धालु आंखों में आंसू लिए भगवान श्रीकृष्ण के चरित्र से प्रेरणा लेते दिखाई दिए। कथा स्थल पर प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु प्रसाद वितरण और भजन संध्या में भाग ले रहे हैं। पाटन इन दिनों भक्ति और आस्था के रंग में रंगा हुआ है, जहां हर ओर केवल एक ही स्वर गूंज रहा है — हरि नाम संकीर्तन से ही जीवन सफल है।

## दादा नकुल देव ढीढी के सपना पुरा करने के लिए ग्राम कमेटी का गठन

### कुकराडीह तेंदुवाही ग्राम कमेटी का गठन दिनेश बारले बने अध्यक्ष



**महासमुन्द( समय दर्शन )।** प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज ब्लॉक महासमुन्द के निर्देशन में तुमगांव अठगंवा के परिक्षेत्रीय पदाधिकारियो की अगुवाई में कुकराडीह तेन्दुवाही में ग्राम कमेटी का गठन किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से रेखराज बघेल जिला सचिव, चित्रकुमार भारती ब्लाक अध्यक्ष व गणेश टण्डन ब्लाक सचिंव ,निशा जोगी ब्लाक अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ , हर्ष प्रताप मन्नाडे ब्लॉक अध्यक्ष संघर्ष समिति व बेदराम गिलहरे तुमगांव परिक्षेत्र के अध्यक्ष व अन्य परिक्षेत्रीय पदाधिकारियों की विशेष उपस्थिति में किया गया।

सर्व प्रथम गांव के भंडारी द्वारा गुरु घासीदास बाबा जी के आरती मंगल कराकर बैठक की शुरुआत किया गया।

बैठक को जिला सचिव रेखराज बघेल ने दादा नकुल देव ढीढी के किए गए समाज निर्माण के कार्यों को स्मरण करते हुए उनके अधुरे सपना को पुरा करने के लिए ही समाज को संगठित करने के उद्देश्य से महासमुंद जिला के हर सामाजिक गांव में ग्राम कमेटी का गठन करने व दिवंगत भीष्म देव ढीढी, भागवत कोसरिया, हीरालाल बंजारे, सपोस के कोसरिया महंत, बसना के चौलिक जी जैसे समाज सेवक हमारे आदर्श है।

जो अब हमारे बीच नहीं रहे ,लेकिन उनके कार्य हमें सामाजिक बोध का स्मरण कराती है।जिन्होंने सामाजिक चेतना जगाने के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर कर दिए। इसलिए इस मुहिम में आप सब जुड़कर सहयोग करें। प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज रोटी बेटी के नर नियाव , समाज के साथ हो रही अन्याय अत्याचार के खिलाफ लडने के अलावा समाज में शिक्षा, रोजगार, सांस्कृतिक धरोहर की रक्षा जैसे रचानात्मक कार्य कर रही है। ब्लॉक अध्यक्ष चित्रकुमार भारती ने सर्व समाज के साथ आपसी तालमेल बढ़ाकर सामाजिक विकास शिक्षा रोजगार पर ध्यान देने की बात कही। नशापान से दुर रहकर सतनाम संस्कृति का पालन करने अपील की।गणेश टण्डन ने शिक्षा के महत्व को समझाते हुए उच्च्च शिक्षा अध्ययन करने ,युवा पीढी को रोजगार मूलक प्रशिक्षण से जुड़कर कुशल बनने आह्वान किया।साथ पे बेक सोसायटी के माध्यम से जिला में जरुरत मंद छात्रों को हर संभव सहयोग कर रही है तथा इस गांव के होनहार बच्चों का मदद करने की बात कही। अठगंवा कमेटी के अध्यक्ष बेदराम गिलहरे ने समाज के लोगों को परिक्षेत्र से जुड़कर कार्य करने की अपील की।

कुकराडीह तेन्दुवाही दोनों गांवों की संयुक्त बैठक रखकर ग्राम कमेटी का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से दिनेश बारले अध्यक्ष, छन्नू पात्रे ,गौतम बंजारे ,कमल , उषा सोनवानी उपाध्यक्ष , रोहित कुमार मारकंडे सचिंव,आकाश बांधे सहसचिव,भारत जोगी मीडिया प्रभारी ,नीलकंठ मारकंडे,कुमार डहरिया सरंक्षक,सेवादार,दयालदास भंडारी,व कार्यकारणी में कामनी कूर्रे,नीरा मारकंडे,कुन्ती बंजारे, रजनी बंजारे,शंकर भारती, कन्हैया जोगी,इन्दरमन खूंटे ,दयालु मारकंडे,खेलावन जोशी ,नंदकुमार मारकंडे,कुँवरलाल सोनवनी,संतोषी जोगी,लक्ष्मन कूर्रे का मनोनयन किया गया। कुकरा डीह की बैठक में जिला व ब्लॉक पदाधिकारियों के साथ सुश्री संजु कुर्रे ब्लाक उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ट,कुकराडीह तेन्दुवाही में तुमगांव परिछेत्र के सक्रिय पदाधिकारी लोकनाथ कूर्रे ,परमानंद बंजारे उपाध्यक्ष,बुधुराम मारकंडे सरंक्षक, महेंद्र बांधे प्रवक्ता, व कार्यकारणी से कार्तिक राम बंजारे,क्रांति जोगी,संतोष ,पुनीत सूरज बंजारे, अजय मालवीय व बड़ी संख्या में युवा बुजुर्ग व महिलाओं को सराहनीय उपस्थिति रही।

## सिकासार जलाशय एवं अन्य लघु जलाशयों से इस वर्ष रबी फसल के लिए नही मिलेगा पानी

### जलाशयों अंतर्गत मुय नहर एवं अन्य नहरों में होगा निर्माण एवं आवश्यक मरमत कार्य



**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** गरियाबंद जिले अंतर्गत जलसंसाधन संभाग गरियाबंद की विभिन्न निर्मित सिंचाई परियोजनाओं में उपयोग में आने वाली नहर प्रणाली में निर्माण कार्य एवं आवश्यक मरम्मत कार्य करने के कारण इस वर्ष पूरे रबी सीजन के लिए खेतों में सिकासार जलाशय एवं अन्य लघु जलाशयों से मुख्य नहर में पानी नहीं छोड़ा जाएगा।

जलसंसाधन संभाग के कार्यपालन अभियंता एस.के.बर्मन ने बताया कि इस वर्ष जलसंसाधन विभाग द्वारा निर्माण कार्य के तहत् मुख्य जलद्वार, स्टॉपलॉक, विभिन्न नहरों में लाइनिंग कार्य,नवीन पुलिया निर्माण,पुल निर्माण कार्य तथा मरम्मत कार्य अंतर्गत नहरों में अत्यधिक सिल्ट जमाव की सफाई,घास की सफाई,क्षतिग्रस्त लाइनिंग कार्य का मरम्मत, बैंक मरम्मत,कुलाबा स्थापना,गेट मरम्मत आदि कार्य कराया जाना आवश्यक है। साथ ही इस कार्य को शीघ्र पूर्ण कराना भी अनिवार्य है ताकि भविष्य में नहर प्रणाली की क्षमता और स्थिरता बनी रहे। उन्होनें बताया कि नहर की सुरक्षा और लंबी उम्र के लिए यह मरम्मत ज़रूरी है।यदि यह कार्य अभी नहीं किया गया, तो भविष्य में और भी बड़ी समस्या आ सकती है।

इसके पूर्व लगातार दो वर्षों तक किसानों को जिले के सिकासार जलाशय सहित विभिन्न जलाशयों से रबी फसल के लिए जलप्रदाय किया जाता रहा है।उन्होनें कहा है कि किसान इस वर्ष उनहारी फसल की तैयारी कर लें क्योंकि पैरी मुख्य नहर दाईं ओर पाण्डुका ,कोपरा,राजिम और फिंगेश्वर क्षेत्र के सभी माइनरों में इस वर्ष रबी फसल हेतु जलप्रदाय किया जाना संभव नहीं है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का भव्य उद्घाटन समारोह



**दुर्ग ( समय दर्शन )।** राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई, शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग के तत्वाधान में ग्राम धनोरा में 7 दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ। यह शिविर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अनुपमा अस्थाना (प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय, रिसाली, दुर्ग) उपस्थित रहीं। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती रुलेश्वरी बंजारे (सरपंच, ग्राम धनोरा), श्री चंद्रशेखर बंजारे, श्री चेतन लाल साहू (वार्ड पंच), श्रीमती पुष्पा सिंह (प्रधान पाठिका, शासकीय माध्यमिक शाला, धनोरा), श्रीमती अंबिका सांग (प्रधान पाठिका, प्राथमिक शाला, धनोरा) एवं शालिनी मेश्राम (समाजशास्त्र विभाग) मंचासीन रहीं।

स्वागत भाषण कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मीना मान ने प्रस्तुत किया। जिसमें उनके द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर में आगामी गतिविधियों का विवरण दिया गया।

उद्घाटन सत्र के पश्चात बौद्धिक परिचर्चा का आयोजन किया गया, जिसमें कल्याणी नशा मुक्ति केंद्र के निदेशक श्री अजय कल्याणी ने नशा मुक्ति, नारी सशक्तिकरण एवं उद्यमिता विषय पर प्रेरणादायी उद्बोधन दिया। उन्होंने युवाओं से सामाजिक सुधार के लिए योगदान देने का आव्हान किया।

इस अवसर पर खुशबू ,रागिनी साहू, यागिनी देवांगन, पूजा, भावना, केजल, वासुधा, नम्रता, साक्षी, मौसमी, नंदनी, आराधना, यमुना, रेश्मी सहित कुल 50 स्वयंसेविकाओं का विशेष योगदान रहा।

इस प्रकार राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित यह 7 दिवसीय विशेष शिविर का द्वितीय दिवस सफलतापूर्वक संपन्न हुआ ।

## पेंशनरों की सुविधा हेतु डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान 4.0 हुआ लागू

**दुर्ग ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में पेंशनरों के लिए डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान 4.0 का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु जिले के समस्त प्रमुख बैंकों को दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इस संबंध में जिला कोषालय, दुर्ग द्वारा भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, इंडियन बैंक, बैंक ऑफमहाराष्ट्र, बैंक ऑफबड़ौदा, सेंट्रल बैंक ऑफइंडिया, यूनियन बैंक ऑफइंडिया, यूको बैंक तथा ओरिएंटल बैंक ऑफकॉमर्स की मुख्य शाखाओं को पत्र प्रेषित किया गया है। डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान 4.0 का उद्देश्य पेंशनरों के लिए जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की प्रक्रिया को और अधिक सरल, पारदर्शी और डिजिटल बनाना है। यह संस्करण फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक पर आधारित है, जिसके माध्यम से पेंशनर अपने मोबाइल फोन या कंप्यूटर से घर बैठे ही जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी दुर्ग द्वारा पेंशनरों को इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाने को कहा है, ताकि उन्हें बैंक शाखाओं में उपस्थित हुए बिना आसानी से प्रमाणन प्रक्रिया पूरी करने में मदद मिल सके। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी द्वारा बैंकों से अनुरोध किया गया है कि वे अभियान से संबंधित दिशा-निर्देशों के अनुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

## संक्षिप्त-खबर

### डिवाइडर से टकराकर ऑटो पलटी, ड्राईवर की मौत




**महासमुंद( समय दर्शन )।** महासमुंद थाना क्षेत्र के शिवालय पार्क कॉलोनी के पास एनएच 353 रोड पर डिवाइडर से टकराने से ऑटो पलट गई, हादसे में ऑटो चालक की जान चली गई। पुलिस ने मर्ग जांच के बाद 10 नवम्बर को मामला दर्ज किया है।

थाने में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक, ऑटो चालक नितेश हरपाल पिता स्व. गोपीनाथ हरपाल उम्र 35 वर्ष निवासी वार्ड न. 30 नयारावण भाठा महासमुंद 06 अगस्त 2025 रात करीब 9 बजे ऑटो क्र. सीजी 06 एचए 1956 को लेकर महासमुंद से खैरा की ओर जा रहा था।

इसी दौरान शिवालय पार्क कॉलोनी महासमुंद एनएच 353 रोड खैरा के पास अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाने से ऑटो अनियंत्रित होकर रोड में बने डिवाइडर में टकरा गई और ऑटो पलट गई। हादसे में उसे गंभीर चोटे आई।

उसे उपचार के लिए आदित्य अस्पताल महासंमुद में भर्ती कराया गया, जहाँ ईलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मामले में ऑटो चालक मृतक नितेश हरपाल के खिलाफ धारा 106 (1) बी.एन.एस. के तहत अपराध कायम किया गया है।

### आबकारी टीम ने 15.5 बल्क लीटर कच्ची महुआ शराब की जती

**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** कलेक्टर भगवान सिंह उईके के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी गजेन्द्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जिले के आबकारी टीम द्वारा वृत्त गरियाबंद के अंतर्गत 10 नवम्बर को बोकरमुडा में अवैध कच्ची महुआ शराब के खिलाफ कार्यवाही किया गया। जिसमें आरोपी रेवाराम सोरी आत्मज मकसूदन सोरी उम्र 24 वर्ष निवासी बोकरमुडा थाना पीपरछेडी जिला गरियाबंद (छ.ग.) के आधिपत्य से कुल 15.5 बल्क लीटर अवैध कच्ची मदिरा को बरामद कर कब्जे आबकारी में लिया गया।आरोपी के विरूद्ध छत्तीसगढ आबकारी अधिनियम 1915 के यथा संशोधित अधिनियम 2011 की धारा 34(1) ख, 34(2), 59(क) के तहत अपराध पंजीबध्द कर प्रकरण विवेचना में लिया गया।उपरोक्त कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक नागेशराज श्रीवास्तव,रजतचंद ठाकुर, आबकारी मुख्य आरक्षक चंदलोल गायकवाड, आबकारी आरक्षक पिताम्बर चौधरी,नगर सैनिक मनीष कश्यप,संजय नेताम,महिला नगर सैनिक हेमबाई साहू वाहन चालक शैलेन्द्र कश्यप, कुलेश्वर निषाद का विशेष व सराहनीय योगदान रहा।

### राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस पर विशेष शिविर का किया गया आयोजन

**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के दिशा-निर्देश तथा छत्तीसगढ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 9 नवम्बर को राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर आदिवासी बालक क्रीड़ा परिसर एवं पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास गरियाबंद मे विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। तालुका विधिक सेवा समिति गरियाबंद के विशेष न्यायाधीश यशवंत कुमार वासनीकर के मार्गदर्शन में शिविर का आयोजन किया गया।जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश बालाराम साहू के द्वारा बच्चों को विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम के गठन, उद्देश्य एवं विभिन्न स्तरों पर कार्यरत प्राधिकरणों के बारे मे विस्तापूर्वक जानकारी दी गयी। तथा संविधान में दिए गए उनके अधिकारों और कर्तव्यों से अवगत कराया गया। साथ ही लोक अदालत एव मध्यस्थता के नियम व लाभों के बारे में जानकारी दिया गया।मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती सीमा कंवर के द्वारा बच्चों को विभिन्न कानूनों के बारे में बताते हुए किशोर न्याय बोर्ड के गठन,पॉक्सो अधिनियम,मोटर यान अधिनियम एवं साइबर क्राइम के बारे में जानकारियां दी गयी।उन्होनें नालसा एवं सालसा की विभिन्न योजनाओ की जानकारी दी। जिसमें बचपन बचाओ आंदोलन,नालसा डॉन योजना, वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवाएं योजना 2016, नालसा जागृति योजना, नि:शुल्क विधिक सहायता योजना एवं साइबर अपराध से बचाव की जानकारी दी गई तथा नालसा हेल्प लाइन नंबर 15100, वरिष्ठ नागरिकों के लिए हेल्प लाइन नंबर 14567,साइबर हेल्प लाइन नंबर 1930,महिलाओं के लिए हेल्प लाइन नंबर 181 तथा 1091 की जानकारी साझा की गई।

### जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग में कैरियर काउंसिलिंग संबंधी कार्यशाला का आयोजन 18 को

**दुर्ग ( समय दर्शन )।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग में कैरियर काउंसिलिंग संबंधी कार्यशाला का आयोजन 18 नवम्बर 2025 को प्रात: 11 बजे से 01 बजे तक किया जाएगा। ज़ी इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिएटिव आर्ट (ज़िका) द्वारा कार्यशाला का संचालन किया जाएगा। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य क्रिएटिव एवं डिजिटल उद्योगों के वीएफ्एक्स, एनीमेशन, ग्राफिक्स डिज़ाइन, गेमिंग और डिजिटल मीडिया आदि क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों के संबंध में जागरूकता फैलाना है। इस कार्यशाला में विशेषज्ञों द्वारा उक्त उद्योगों से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों में समय-समय पर उत्पन्न होने वाले रोजगार के अवसर, उनकी व्यापकता एवं आवश्यक कुशलता के संबंध में विशेष महत्वपूर्ण जानकारी देकर युवाओं का मार्गदर्शन किया जायेगा ताकि वर्तमान समय में रोजगार बाजार के क्षेत्र में उत्पन्न होने वाले विभिन्न प्रकार के रोजगार के अवसरों से इस पीढ़ी के युवा लाभान्वित हो सके।

# धान उपार्जन केंद्र खोलने की मांग को लेकर किसानों ने दिया अल्टीमेटम



**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित कोदोबतर के अंतर्गत आने वाले किसानों ने लंबे समय से लंबित धान उपार्जन केंद्र खोलने की मांग को लेकर अब आर-पार की तैयारी कर ली है। किसानों ने जिला प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि वर्तमान उपार्जन सत्र में कोदोबतर में नया केंद्र नहीं खोला गया, तो वे कल 12 नवंबर 2025 को राष्ट्रीय राजमार्ग (ह॥-130ष्ट) पंटोरा के पास उग्र प्रदर्शन और चक्काजाम करेंगे। किसानों ने बताया कि शासन द्वारा वर्षों पूर्व सोहागपुर समिति से पृथक कर कोदोबतर समिति का गठन किया गया था,किंतु आज तक वहां कार्यालय या उपार्जन केंद्र शुरू नहीं किया गया। जिससे कोदोबतर क्षेत्र के 14 ग्रामों के सैकड़ों किसानों को धान विक्रय के लिए हर वर्ष सोहागपुर उपार्जन केंद्र जाना पड़ता है।किसानों ने कहा कि सोहागपुर उपार्जन केंद्र में जगह की भारी कमी है, वहीं हर साल लगभग 95,000 क्विंटल से अधिक धान की खरीदी होती है। जगह कम होने से उपार्जन कार्य कई बार रोकना पड़ता है,जिससे किसानों

तौलाने में देरी,आर्थिक नुकसान और अनावश्यक परिवहन खर्च का सामना करना पड़ता है।

किसानों द्वारा प्रशासन को पूर्व में कई बार ज्ञापन देकर इस समस्या से अवगत कराया है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इस बार किसानों ने तय कर लिया है कि यदि इस सत्र में कोदोबतर में नया धान केंद्र नहीं खोला गया, लगातार आंदोलन जारी रहेगा।मंगलवार को क्षेत्र के किसानों ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर चक्काजाम की जानकारी दी ज्ञापन सौंपने वालों में जनपद सदस्य भीम निषाद,ग्राम पंचायत बारूका की सरपंच गैंदी बाई कंवर,ग्राम पंचायत घुटाकुनावापारा की सरपंच हीरा बाई ध्रुव और ग्राम पंचायत कोदोबतर की सरपंच,सरपंच संघ पूर्व अध्यक्ष मनीष ध्रुव सहित बड़ी संख्या में किसान शामिल थे।इस दौरान जनपद सदस्य भीम निषाद ने कहा कि कई वर्षों से किसान इस मांग को दोहरा रहे हैं, पर अब तक प्रशासन ने कोई कदम नहीं उठाया। यदि इस सत्र में कोदोबतर में उपार्जन केंद्र नहीं खुला, तो किसान शांत नहीं बैठेंगे।

स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग ( छ.ग. ), पिन-491111 से मुद्रित कर 65/1920, परशुराम नगर प्रोफेसर कालोनी, रायपुर ( छ.ग. ) पिन- 492001 से प्रकाशित।
संपादक :- दामोदर राव, फोन नं.-0771-4218364, मो. 9303404360, ईमेल- samay.darshan191@gmail.com, RNI: CHHHIN/2018/76878, डाक पंजीयन /रायपुर संभाग/63/2025-27